सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:03
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम -38.4
न्यूनतम - 25.0

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 मूल्य 2/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-132 | शनिवार 14 मई, 2022 | बैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

**अनमोल वचन**

केवल ज्ञान की कथनी से क्या होता है, आचरण में, स्थिरता नहीं है, जैसे कागज़ का महल देखते ही गिर पड़ता है, वैसे आचरण रहित मनुष्य शीघ्र पतित होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

उत्तर प्रदेश अराजकता की भेंट चढ़ गया है : अखिलेश यादव



और आप चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं.....

# अफसर बोल रहे झूठ, सही नहीं बैठा बिजली विभाग का ऊंट

**❑सिर्फ १० मिनट कटौती के दावों के विपरीत शहर में चार से पांच घण्टे कटौती जारी ❑टाऊन हॉल, महावीर चौक व गांधी कॉलोनी के इलाकों में कटौती से बिलबिलाये लोग**

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। तुम्हारी फाइलों में शहर का मौसम गुलाबी है, मगर ये दावा सिर्फ किताबी है। बिजली विभाग के निकम्मेपन का खामियाजा शहर के लोग लगातार भुगत रहे हैं। शहर में आज भी बिजली आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह लड़खड़ाई हुई है। यह अलग बात है कि बिजली विभाग द्वारा कल ऊर्जा राज्यमंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट में शहर में सिर्फ १० मिनट बिजली कटौती का दावा किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रतिदिन ४ से ५ घण्टे कटौती की जा रही है। खासतौर से शाम के समय तो निरंतर बिजली जाने का क्रम बना हुआ है। शहर का बड़ा हिस्सा आज भी घण्टो अंधेरे में डूबा रहा।

तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति की स्थिति तमाम दावों के बावजूद सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर में टाऊनहॉल तथा महावीर चौक फीडरो से जुड़ी बिजली आज भी घण्टों गायब रहने से शहर का बड़ा हिस्सा अधेंरे में डूबा रहा। दिनभर तो शहर के विभिन्न हिस्सों में अघोषित कटौती, ट्रिपिंग तथा लॉ वोल्टेज की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। शाम के समय मांग का दबाव बढ़ने के बाद यह स्थिति लगातार भयावह बनी हुई है। हालात यह है कि बिजली विभाग भले ही कर्मठता के दावे करें और राज्यमंत्री को दी रिपोर्ट में जिला मुख्यालय पर सिर्फ १० मिनट की कटौती की बात करें, लेकिन हकीकत शहर के सभी लोग जानते हैं, जो लगातार बिजली कटौती झेल रहे हैं। दिन और रात किसी भी समय बिजली गायब हो जाना एक सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है। पहले बिजली

शेष : पृष्ठ ४ पर

## बिजली विभाग की मक्कारियां, मंदिर के नाम पर भी बोल दिया मंत्रियों को झूठ

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। पचैण्डा रोड स्थित सालासर बालाजी धाम पर ४ मई के बाद बिजली आई ही नहीं। ज्ञात रहे कि ४ मई को जनपद सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली आदि विभिन्न स्थानों पर तेज तूफान और ओले पड़े थे, जिसमें बड़ी आर्थिक हानि पेड़ टूटना, बिजली के खम्बे ढह जाना, होर्डिंग भी टूट गये थे। उसी दिन से पचैण्डा रोड स्थित सालासर बालाजी धाम की बिजली कल १२ मई तक भी नहीं आ पाई थी। दिलचस्प बात यह है कि बालाजी धाम के आयोजकों द्वारा इसकी शिकायत जब बिजली विभाग के पोर्टल व ऊर्जा मंत्री तक को की गई, उसके बावजूद भी बिजली नहीं आ पाई थी। आज शुक्रवार को सालासर बालाजी धाम में बड़ी मशक्कत के बाद बिजली आ पाई और उक्त बिजली आने के पीछे जो किस्सा आयोजकों ने बताया वह हैरान कर देने वाला था। आयोजकों का बताना है कि बिजली विभाग मंत्रियों तक को चकमे देने लगा है। जैसे ही आयोजकों ने इसकी शिकायत पोर्टल पर की, तो दो मिनट बाद ही बिजली विभाग के लोगों से जब उच्च स्तर पर पूछताछ की गयी, तो उन्होंने कह दिया कि लाईट आ गई है, जबकि सालासर बालाजी धाम में कोई लाईट नहीं आई थी। जब आयोजकों द्वारा उक्त बात उच्चाधिकारियों को साफ बताई गयी, तो विद्युत विभाग के मुजफ्फरनगर स्थानीय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की पोल खुलती दिखाई दी और जब उच्च स्तर से अधिकारियों और कर्मचारियों को डांट पड़ती दिखाई दी, तो तब जाकर एक अलग लाईन डालकर सालासर बालाजी मंदिर की लाईट चालू की गई। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी व अधिकारी जब प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक सकते हैं, तो स्थानीय स्तर पर जनता का किस–किस तरह से बेवकूफ बनाते होंगे, यह अंदाजा लगा पाना नामुमकिन है। हालांकि भाजपा के शासन में विद्युत विभाग ही नहीं, प्रत्येक सरकारी विभाग इसी तरह सरकार की आंखों में धूल झोंकने में परफेक्ट दिखाई पड़ रहा है।



मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मंत्री नितिन अग्रवाल व गौरव स्वरूप

## वैष्णो देवी से लौट रही बस में आग, चार मरे

जम्मू, १३ मई (एजेंसी)। श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे यात्रियों की बस में धमाके के बाद आग लग गई। आधार शिविर कटड़ा से तीन किलोमीटर की दूरी पर चलती बस में आग लगने से चार श्रद्धालुओं की जलकर मौत हो गई। २४ अन्य श्रद्धालु बुरी तरह से झुलस गये। कटड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि बस के इंजन वाली जगह धमाका हुआ, जिससे आग लग गई। बाद में ईंधन टंकी फटने से पूरी बस जल गई। शुक्रवार देर शाम तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस (जेके१४–१८३१) कटड़ा के मुख्य बस अड्डे से दोपहर बाद ३.१५ बजे रवाना हुई। श्रद्धालुओं को लेकर यह बस कडमाल स्थित शनी देवी मंदिर के पास से गुजर रही थी, इसी दौरान ३.३० बजे बस के अगले हिस्से में धमाका होने से आग लग गई। इससे पहले कि बस रुकती और लोगों को बाहर निकाला जाता, आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। बस में बैठे श्रद्धालुओं में चीख–पुकार मच गई। ईंधन टंकी फटने के बाद आग तेजी से फैली, जिससे चार लोगों की बस में ही जलकर मौत हो गई। अन्य २४ घायलों में से ज्यादातर की बाजू और पैर झुलसे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आग की लपटों में घिरी बस से बाहर निकाल कटड़ा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया। दमकल वाहन के आग बुझाने तक बस बुरी तरह से जल चुकी थी।



जिला प्रशासन ने हादसे पर फौरी राहत के तौर पर मृतकों के परिजनों को ५०–५० हजार रुपये और घायलों को २०–२० हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की बात कही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चलती बस में इंजन गर्म होने से धमाका हुआ, जिससे आग फैली। ईंधन टंकी फटने से आग तेजी से भड़की। हालांकि आग लगने के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। बस में आग की घटना की प्रारंभिक जांच में किसी तरह के विस्फोटक के इस्तेमाल का संकेत नहीं हैं। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। २२घायलों में हेमंत कुमार (१८) निवासी जम्मू, सावित्री (१८) पत्नी दीपक निवासी जम्मू, नीरज (२०) निवासी कटड़ा, जोगिंद्र सिंह पुत्र मुंशी राम (३२) निवासी बिलावर, शिव पूजा चौहान (३५) निवासी उत्तर प्रदेश, रिशु चौहान (०५) निवासी उत्तर प्रदेश, शनीचरी चौहान (५०) निवासी उत्तर प्रदेश, राधा देवी (५२) पत्नी रवी शर्मा, रीला देवी (३५) निवासी उत्तर प्रदेश, कोमल (१६) निवासी उत्तर प्रदेश, नरेश कुमार (३५) निवासी कडमाल, थोडू (६०) निवासी उत्तर प्रदेश, राम कुमार (३०) निवासी उत्तर प्रदेश, बंटी (३०) निवासी मध्य प्रदेश, अशोक (२६) निवासी दिल्ली, ज्योती पुत्री शशिपाल (२५) निवासी उत्तर प्रदेश, राजेश पुत्र रामदेव (४०) निवासी दिल्ली, ओमवती पत्नी शशिपाल (५२) निवासी उत्तर प्रदेश, शैलेंद्र कुमार (२८) पुत्र समर बहादुर निवासी उत्तर प्रदेश, भवर कला (४५) पत्नी शिव शंकर निवासी उत्तर प्रदेश, काजल (२३) निवासी हरियाणा, राहुल शर्मा (२२) पुत्र पुरशोत्तम निवासी बमयाल, सागर सिंह (४५) पुत्र संतोख सिंह निवासी मयाड़ी, भीम (४५) निवासी दिल्ली शामिल हैं। कटड़ा बस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एलजी प्रशासन ने पांच–पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक–एक लाख देने की घोषणा की है। एलजी ने आर्थिक मदद पर ट्वीट कर कहा, यह हादसा बेहद दर्दनाक है। सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। जिला प्रशासन को घायलों के लिए हर संभव व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## चारों धामों में वीआईपी दर्शन बंद

देहरादून, १३ मई (एजेंसी)। चारों धामों में दर्शन की एक समान व्यवस्था लागू होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब चारधाम में वीआईपी दर्शन नहीं कराए जाएंगे। उन्होंने तीर्थयात्रा पर आ रहे नौजवानों से अपील की कि वे बुजुर्गों और महिलाओं को पहले दर्शन करने दें। सीएम ने यह भी अपील की कि जिन तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, वे यात्रा न करें। तीर्थयात्री ठहरने व अन्य जरूरी इंतजाम करने के बाद ही चारधाम यात्रा पर निकलें। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को सुव्यवस्थित और नियमानुसार यात्रा संचालन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग नियमों का कड़ाई से पालन कराए, अतिरिक्त सावधानी बरती जाए।

## शराब से एक भी मौत हुई तो भुगतेंगे अधिकारी : मंत्री नितिन अग्रवाल

**❑आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश ❑मंत्री ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी और कैजुअल्टी विभाग का किया निरीक्षण ❑समाज की बेहतरी के लिए डॉक्टर निःस्वार्थ भाव से करता है काम : नितिन अग्रवाल**

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी मिलावटी अथवा जहरीली शराब से एक की भी मौत हुई, तो उसके दुष्परिणाम सम्बंधित अधिकारियों को भुगतने होंगे। निलंबन तो होगा ही उन्हें जेल भी जाना पड़ेगा। मंत्री ने कोविड के मद्देनजर मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के कॉर्डियोलॉजी विभाग का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए डॉक्टर निस्वार्थ भाव से काम करता है। इसलिए सभी को उनपर विश्वास रखना चाहिए। प्रदेश के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल एक दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को यहां पहुंचे थे। लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर पहुंचने पर भाजपाइयों और व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के साथ आबकारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकता को बताया। आबकारी मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह विभागीय बैठक करने और पिछले दो सालों में हुए कोविड के प्रबंधन की समीक्षा की है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों को पहले भी सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं कि अगर कोई भी ओवर रेटिंग या कच्ची शराब को लेकर किसी भी तरह के कोई साक्ष्य मिले, तो उस अधिकारी का निलंबन तो होगा ही, साथ ही उसे जेल भी भेजा जायेगा। इस तरह की कोई भी शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कच्ची शराब या अंग्रेजी शराब से कोई मौत होती है, तो वहां पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे अधिकारी आज भी जेल में बंद हैं, जिनकी लापरवाही के चलते कच्ची शराब या जहरीली शराब से मौत हुई है। आगे के लिए भी निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कीमत पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### १६ वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे ऊपर है बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। आबकारी मंत्री ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर कोविड प्रबंधन की समीक्षा करने के साथ कार्डियोलॉजी और कैजुअल्टी विभाग का निरीक्षण किया। मंत्री के साथ कॉलेज के वॉइस चेयरमैन राघव स्वरूप और कोषाध्यक्ष गौरव स्वरूप भी थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहतास के. यादव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज बेदी, मीडिया समन्वयक डॉ. श्रुति सहगल और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रशांत गुप्ता और मुख्य वित्तीय प्रबंधक नीरज अग्रवाल ने मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री ने मां सरस्वती देवी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों को सम्बोधित कर अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट रहा है। पिछले १६ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की सूची में सबसे ऊपर है। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे डॉक्टर समाज में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और लोगों और समाज की बेहतरी के लिए वे कितने निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं। मंत्री कॉलेज के नए स्नातकोत्तर छात्रावास भवन का उद्घाटन भी किया।

### शराब से जुड़ी शिकायत पर दिए जांच के आदेश

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल से मिलकर एक भाजपा कार्यकर्ता ने अवैध शराब से जुड़ा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। आबकारी मंत्री ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को जांच के आदेश दिए हैं। जांच में आने वाले तथ्यों के आधार पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से छोटी से छोटी शिकायतों को गंभीरता से लेने की हिदायत भी दी है।

## दो किशोर नहर में डूबे, दोनों की मौत

कांधला, १३ मई (बु.)। थाना क्षेत्र के पूर्व यमुना नहर में नहाते समय दो किशोर डूबकर लापता हो गए। दो किशोरों के नहर में डूबने से हड़कंप मच गया। परिजनों सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने खुद नहर में कूदकर लापता दोनों की तलाश में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस की कड़ी मशक्कत के साथ दोनों किशोरों को नहर से ढूंढ कर निकाल लिया गया। गंभीर हालत में उपचार के लिए शामली भेजा गया है, लेकिन दोनों किशोरों के उपचार से पूर्व भी मौत हो गई। दोनों किशोरो की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव नई बस्ती कांधला देहात एकता कलोनी निवासी १६ वर्षीय बिलाल पुत्र मगता व १३ वर्षीय सागर पुत्र अयूब दोनों किशोर अपने अन्य साथियों के साथ भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए बड़ी पूर्वी यमुना नहर दा गोल्ड के समीप पुल पर नहाने के लिए गए थे। बताया गया है कि दोनों किशोर अपने वस्त्र निकालने के बाद जैसे ही नहर में नहाने के लिए छलांग लगाई, तो दोनों किशोर नहर के गहरे पानी में डूबते चले गए। कुछ ही समय के पश्चात दोनों किशोर नहर की धारा में लापता हो गए। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस व परिजनों को दी, जिसके चलते दर्जनों लोग व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। स्थानीय पुलिस ने



घटना को लेकर तत्परता दिखाते हुए नहर में कूदकर दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही क्षणों के पश्चात पुलिस ने दोनों किशोरों को नहर से ढूंढ कर बाहर निकाल लिया। दोनों किशोरों को गंभीर हालत में उपचार के लिए शामली भेजा गया। जहां पर दोनों किशोरों की हालत गंभीर बनी हुई थी। दोनों किशोरों ने शामली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार से पूर्व दम तोड़ दिया। डॉक्टरों के द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया, जिसके चलते परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनो ने बिना किसी कार्रवाई के शवों को अपने घर ले गए। जहां पर गम के माहौल में दोनों किशोरों के शवो को कब्रिस्तान ले जाकर सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी एसएसआई गजेंद्र सिंह भाटी का कहना है कि दो किशोरों की नहर में डूब कर मौत हो गई थी। घटना के सम्बंध में मृतक किशोरों के परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

### पुलिसकर्मियों की तत्परता भी नहीं बचा सकी जान

कांधला, १३ मई (बु.)। शुक्रवार को पूर्वी यमुना नहर में दो किशोरों के डूबने की सूचना के तत्काल बाद स्थानीय थाने में नियुक्त वरिष्ठ उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह भाटी सहित भारी पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। थाने में तैनात पुलिसकर्मी मोनू चौधरी राजवीर, जसबीर, अभिषेक सांगवान सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने नहर में लापता दोनों किशोरों की तलाश में रेस्क्यू करते हुए किशोरों को नहर से ढूंढ कर बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। किशोरों की नहर में डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने जानकारी देते बताया कि बिलाल व सागर दोनों एक साथ नहर में नहाने के लिए गए थे। नहर के तल में गहराई होने के कारण दोनों डूबने लगे। डूबते समय दोनों एक दूसरे की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दोनों दोस्त एक दूसरे की जान बचाने के चलते लहर के तल में समाते चले गए। कुछ ही समय के पश्चात दोनों की जानें चली गई।

## दिल्ली की इमारत में आग, २६ से अधिक लोगों की मौत, तीस से ज्यादा गम्भीर

*नई दिल्ली, १३ मई (एजेंसी)। पश्चिमी दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर ५४४ के पास एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर दमकल की २४ गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इमारत में बड़ी संख्या में लोग फंसे थे, जिन्हें दमकल कर्मियों ने निकाल लिया है। सूचना के अनुसार के २६ लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया एवं ३० से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है।*

*एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने इमारत की खिड़कियां तोड़ीं। लोगों को बचाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी समीर शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत का इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियों को कार्यालय की जगह उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था। आग इमारत की पहली मंजिल से लगी, जिसमें एक सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माण कंपनी का कार्यालय है। कंपनी का मालिक*



*पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने कहा कि घटना में एक मौत हो गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पहले दिल्ली के कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार–शुक्रवार की मध्य रात्रि तीन फैक्टरियों में आग लगी थी। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रात लगभग १.५० बजे कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित तीन फैक्टरियों में आग लगने की सूचना मिली। तत्काल मौके पर १२ गाड़ियों को भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।*

## जनपद के मदरसों में रोज सुबह राष्ट्रगान के आदेश जारी

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। अब जनपद के सभी मदरसों में रोज सुबह तालीम से पहले राष्ट्रगान अनिवार्य रूप से होगा। इसके लिए सभी मदरसों को शासनादेश जारी किया गया है। राष्ट्रगान के बाद मदरसों में पढ़ाई का कार्य शुरू होगा। जनपद के कुछ मदरसों में आदेश प्राप्त होते हुए तत्काल प्रभाव से राष्ट्रगान कराया गया है। इसके बाद पढ़ाई सुचारू की गई है। शासन से आदेश प्राप्त होने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सभी मदरसों को राष्ट्रगान कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने मदरसा प्रबंधकों को राष्ट्रगान कराने के लिए आदेश जारी किए हैं। जनपद में करीब ११४ मदरसे हैं। रमजान के कारण मदरसों में अवकाश रहा है। अब रमजान के बाद मदरसे खुलने शुरू हुए हैं। हालांकि रमजान के बाद अभी मदरसों में बच्चों की संख्या कम है। अब धीरे–धीरे मदरसों में पढ़ाई के लिए बच्चों की संख्या बढनी शुरू हुई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रगान के लिए सभी मदरसों को आदेश जारी करा दिया गया है। उन्हें बताया गया है कि मदरसों में अब से राष्ट्रगान अनिवार्य रूप से प्रतिदिन कराया जाएगा। राष्ट्रगान के बाद से ही मदरसों में पढ़ाई का कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कुछ मदरसों में आदेश के बाद तत्काल प्रभाव से राष्ट्रगान कराया गया है। उन्होंने बताया कि मदरसों में कक्षाए प्रारम्भ होने के पूर्व प्रातरू काल राष्ट्रगान कराने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद के प्रत्येक मान्यता प्राप्त, अनुदानित, गैर अनुदानित मदरसों में राष्ट्रगान कराने के आदेश दिए गए हैं।

## जीपीएफ दस्तावेज जलाने के आरोपी कर्मचारी दबोचे

**❑नलकूप खंड कार्यालय के मामले में दो टीमें कर रही जांच ❑पकड़े गए कर्मचारियों ने खोले कई राज, मचा हड़कंप**

मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर में नलकूप खंड कार्यालय की अलमारी में जीपीएफके दस्तावेज जलाए जाने के चर्चित मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मुंशी विशाल और क्लर्क अंकुल को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाली पुलिस की माने तो उक्त दोनों कर्मचारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से गुजर रहे थे। कोतवाली पुलिस ने बताया कि नलकूप खंड कार्यालय में बीते दिनों करीब 83 लाख रुपये का जीपीएफ बिना आवेदक द्वारा किए गए आवेदन के निकाला गया था। कोतवाली पुलिस इन दोनों कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में पकड़े गए नलकूप विभाग के मुंशी विशाल ने बताया कि उसने अपनी मां वीरमति व परिचित सुनील और संजीव के खातों में पूर्व में 83 लाख रुपये ट्रांसफर कराए थे। बताया गया कि वह अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ जीपीएफ की रकम के आवेदनों की प्रक्रिया को पूर्ण करता था, जबकि दूसरे पकड़े गए कर्मी अंकुल को उक्त पूरे प्रकरण की जानकारी थी और वह मुंशी का सहयोगी भी था। बीते दिनों मामला खुलता देख इन दोनों कर्मचारियों ने अलमारी में आग लगा दी थी।

बता दें, मुजफ्फरनगर में बीते दिनों सुर्खियों में आए मेरठ रोड पर डीएम आवास के पास स्थित नलकूप खंड कार्यालय में हुए मामले में विभागीय कार्यालय की एक अलमारी में आग लगने के मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि नलकूप कार्यालय में कार्यरत चालक नरेश चंद को दस्तावेजों में चौकीदार दर्शाकर नई पेंशन स्कीम के चलते 13.20 लाख का भुगतान कर दिया गया है। जबकि चालक नरेश चन्द ने कोषागार में इस संबंध में कोई आवेदन ही नहीं किया है। मामले के सुर्खियों में आने के बाद हुई फजीहत में नलकूप विभाग के आरोपी मुंशी विशाल और अंकुल को अधिकारियों ने निलंबित कर दिए जाने के साथ ही दोनों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं इस मामले में नलकूप कार्यालय के अधीक्षण अभियंता सहारनपुर अनिल कुमार शर्मा ने अधिशासी अभियंता नलकूप खंड सहारनपुर के अधिशासी अभियंता राकेश कपूर, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड मुजफ्फरनगर राकेश कुमार और नलकूप खंड मुजफ्फरनगर के लेखाधिकरी सचिन वर्मा के नेतृत्व में जांच टीम बनाई थी। वहीं दूसरी ओर सहारनपुर आयुक्त ने एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, सहारनपुर मंडलीय अपर निदेशक कोषागार गोविंद शुक्ला और नलकूप कार्यालय के मंडल अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश शर्मा की टीम गठित करते हुए मामले में जांच का जिम्मा सौंपा है। बताया जा रहा है कि इस टीम ने शुक्रवार को भी मामले से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के बयान लिए गए हैं।

## ओमप्रकाश राजभर ने जताया जान का खतरा

गाजीपुर, १३ मई (एजेंसी)। सीएम योगी योगी आदित्यनाथ पर जातिवादी मानसिकता का आरोप लगाते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी हत्या करवाना चाहती है। ओपी राजभर ने कहा भाजपा लगातार हमें जान से मारने की साजिश रच रही है। यह चौथी घटना है हमें जान से मारने की। मुख्यमंत्री की जाति का होने की वजह से पुलिस दोषियों की मदद कर रही है। उन्होंने जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की अनुमति होने के बावजूद टेंट और माइक उखाड़ने पर एतराज़ जताया और कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पिछले दिनो उनके साथ घटी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमला दलितों, वंचितों और पिछड़ों के हक हकूक के लिए उठ रही हमारी आवाज पर हमला है। मैं गरीबों, दलितों, पिछड़ों की आवाज उठाता रहूंगा चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जेल का दरवाजा खुला रक्खें , मैं किसी भी ताकत के सामने झुकने वाला नहीं हूं। सपा–सुभासपा के संयुक्त तत्वावधान में आज यहां जहूराबाद के विधायक ओमप्रकाश राजभर के साथ हुई कथित बदसलूकी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के विरोध में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही के रास्ते पर है। वह लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। जब विरोधी दल का नेता न किसी के घर संवेदना व्यक्त करने और न किसी कार्यक्रम में शामिल हो पायेगा तो प्रदेश में लोकतंत्र कहां है।

## हाईकोर्ट में सपा विधायक नाहिद हसन की जमानत पर नहीं हो सका निर्णय

कैराना, 13 मई ( बु. )। करीब 4 माह से जेल में बंद सपा विधायक चौधरी नाहिद हसन की जमानत पर हाईकोर्ट में निर्णय नही हो सका। जमानत के लिए एक मुकदमें में 26 मई लगायी गई है जबकि गैंगस्टर के मुकदमे में जमानत के लिए अभी सुनवाई की तारीख नहीं लगायी गई है। गैंगस्टर के मुकदमें में पुलिस ने सपा विधायक चौधरी नाहिद हसन को 15 जनवरी 2022 को गिरफ्तार करके एमपीएमएलए कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरनगर जेल भेज दिया था। कैराना स्थित एमपीएमएलए कोर्ट में नाहिद हसन की जमानत खारिज होने के बाद उनके अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। इसके अलावा नाहिद हसन के ऊपर अमानत में खयानत का मुकदमा भी दर्ज है। पहले हाई कोर्ट में नाहिद हसन पर दर्ज अमानत में खयानत के मुकदमें में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन बृहस्पतिवार को कोर्ट में शुक्रवार की तारीख लगा दी थी। शुक्रवार को भी हाईकोर्ट में नाहिद हसन की जमानत पर कोई फैसला नही आया, जिस पर कोर्ट में अगली तारीख 26 मई लगायी गई है। जबकि गैंगस्टर कें मुकदमें में जमानत पर सुनवाई के लिए अभी कोई भी तारीख नहीं लगायी गई।

## अवैध चाकू रखने पर 5 माह कारावास की सजा

कैराना, 13 मई ( बु. )। कांधला थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी मुजरिम को हुई सजा साथ ही साथ 100 रुपए के अर्थदंड की भी आदेश जारी किए गए। अवैध चाकू रखने के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर मुजरिम को पांच माह के कारावास एवं 100 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामला कांधला थाना क्षेत्र के गांव आल्दी का। सहायक अभियोजन अधिकारी अनु तोमर ने बताया कि 11 दिसम्बर 2021 को कैराना पुलिस ने चैकिंग के दौरान गोविन्द निवासी गांव आल्दी थाना कांधला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तलाशी के दौरान पकड़े गए आरोपी के पास से चाकू बरामद किया था। वहीं उक्त प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी गोविन्द का चालान करके कोर्ट में पेश कर दिया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था, तभी तो यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। उक्त प्रकरण में शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावलियो का अवलोकन करने एवं गवाहों की गवाही के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका यादव ने दोष सिद्ध पाये जाने पर मुजरिम गोविन्द निवासी गांव आल्दी थाना कांधला को 5 माह के कारावास व 100 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-
रसकट ढैया 1000-1035, चाकू 1225-1500, लड्डू 1225-1321, खुरपापाड़1160-1185, आमद- 2000मन।

### शाहपुर मण्डी

शाहपुर, 13 मई (बु.)। शाहपुर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- खुरपापाड़- 1150, पेड़ी- 1230, आमद- 400 मन।

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 14 मई, 2022**

**मेष**-कार्य सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, नवीन योजना फलीभूत, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, यात्रा सार्थक।
**वृषभ**-विविध पक्षों में अनुकूलता, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पठन-पाठन में रुचि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, पर्वतीय स्थलों की यात्रा सुखद।
**मिथुन**-नवीन योजना का श्री गणेश, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, आपसी प्रसन्नता।
**कर्क**-गृहस्थिति विपरीत, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, ताल-मेल का अभाव, बात-बात पर क्रोध, घरेलू समस्याओं से अशांति, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।
**सिंह**-स्वास्थ्य अनुकूल, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, भोग-विलासिता की ओर सम्मान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।
**कन्या**-आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मीयजनों से मधुरता, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सफल।
**तुला**-विचारित कार्यों में प्रगति, विवाद का समापन, मित्रों से विचार विनिमय, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, वैवाहिक जीवन सुलभ।
**वृश्चिक**-योजना की पूर्ति में बाधा, आरोग्य सुख में कमी, लाभ का मार्ग अवरूद्ध, पठन-पाठन में अरुचि, सुख शांति का अभाव, विचारों में उग्रता, क्रोध की अधिकता।
**धनु**-सद्विचारों का उदय, लाभ का मार्ग प्रशस्त, नौकरी पदोन्नति विषयक मसला हल, विशिष्टजनों से सम्पर्क, धर्म अध्यात्म में आस्था, राजनैतिक कार्यों में रुचि।
**मकर**-अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, निजी जिन्दगी में नवीन उपस्थित, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।
**कुम्भ**-कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, उच्चाधि-कारियों से सम्पर्क, मित्रों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में खुशी।
**मीन**- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, व्यक्ति विशेष से हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मित्रों से मतभेद, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना का आशंका, पारिवारिक विवाद।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२


मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com




एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व अन्य तथा कार्यक्रम के विभिन्न दृश्य।

# एस.डी. कॉलेज ऑफ लॉ के स्पोर्ट्स मीट में रही रंगारंग कार्यक्रम की धूम

❒ लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी ❒ शतरंज, बैडमिंटन आदि खेलों के विजयी प्रतियोगियों को किया गया पुरस्कृत

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के स्पोर्ट्स मीट के पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इस दौरान शतरंज, बैडमिंटन और वोलीबल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ शारीरिक विकास के लिए खेल-कूद जरूरी है।



एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित स्पोर्ट्स मीट २०२२ के पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ राजेश गर्ग, डीएवी (पीजी) कॉलेज के विभागाध्यक्ष (विधि विभाग) डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, कॉलेज प्रबन्ध समिति के चेयरमैन अशोक सरीन, सचिव विनोद कुमार संगल, सदस्य दिनेश कुमार गर्ग, अशोक कुमार तायल, कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा, प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एलएलबी छात्रा स्फूर्ति कौशिक ने सरस्वती वंदना पर शास्त्रीय नृत्य किया। अतिथि डॉ. राजेश गर्ग, संपादक अंकुर दुआ, डीएवी कॉलेज के डॉ. शैलेंद्र शर्मा, चेयरमैन अशोक सरीन तथा सचिव विनोद कुमार संगल ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ. राजेश गर्ग ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों से हम शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि वर्तमान में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के १२५ विधि महाविद्यालय में केवल एसडी कॉलेज ऑफ लॉ ही एक मात्र ऐसा कॉलेज है, जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने कॉलेज प्रबन्ध समिति और कॉलेज स्टाफ की सराहना की। डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि उन्हें विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अति प्रसन्नता हो रही है और वे सर्व शक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर विजेता कहलवाए।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अपने आप में एक अनोखा जीवन है। विद्यार्थी जीवन में ही हर किसी के भविष्य के निर्माण की रुपरेखा निर्धारित होती है। शतरंज प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) में आकाश पाल ने पहला, पारस ने दूसरा तथा गोविन्द ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में शिखा पाल ने पहला, सुहानी ने दूसरा तथा विशाखा ने तीसरा स्थान पर कब्जा किया। बैडमिन्टन (छात्रा वर्ग) में प्रिया चौधरी ने पहला, दीक्षा ने दूसरा तथा वन्दना और मनिका ने सयुंक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिन्टन (छात्र वर्ग) में संजीव ने पहला, वरुण ने दूसरा तथा ध्रुव और कार्तिक ने सयुंक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्राप्त किए। वालीबॉल प्रतियोगिता में जगन, आयुष, अंकित, गोविन्द, आर्यन, सिद्धार्थ की टीम विजयी घोषित की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कॉलेज के चेयरमैन अशोक सरीन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कॉलेज का प्रत्येक छात्र और छात्रा अपने आप में प्रतिभा लिए हुए हैं और यह प्रतिभा अध्ययन के साथ साथ अन्य गतिविधियों से जुड़ी है। विभिन्न खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है और यह भूमिका हमारे स्वयं का चरित्र निर्माण कर छात्र जीवन को एक सार्थक आयाम प्रदान करती है। कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि स्पोर्ट्स मीट से छात्र-छात्राओं को एक-दूसरे की रचनात्मक प्रतिभा का पता चलता है। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्ता, अमित चौहान, प्रीति चौहान, छवि जैन, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, पूनम रानी, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, अमित भारद्वाज, गरिमा, प्रीति दीक्षित, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, संजीव कुमार, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि मौजूद रहे।



### कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दी खूबसूरत प्रस्तुति

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ ने खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के दौरान कॉलेज के छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी विभिन्न सांस्कृतिक एवं रोचक प्रस्तुति दी, जिसमें बीए एलएलबी की छात्रा अक्षा चौधरी ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। कॉलेज के लगभग एक दर्जन छात्र छात्राओं ने एक ओर जहां कार्यक्रम का संचालन भी स्वयं किया वहीं विभिन्न गीतों पर सुंदर नृत्य भी किया। कॉलेज के एक छात्रा ने गिटार बजाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी की प्रस्तुति अपनी अपनी जगह बेहतर दिखी।

## कॉलेज की छत पर पतंग उड़ा रहा बालक नीचे गिरा

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आर्यसमाज रोड स्थित इस्लामिया इंटर कॉलेज परिसर में एक कच्ची छत खपरैल की बनी हुई है, जो काफी जर्जर हालत में है। शुक्रवार शाम करीब आठ साल का एक बालक उक्त जर्जर हो चुकी छत पर चढ़कर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान अचानक छत टूटने से वह छत से निकलकर सिर के बल नीचे जमीन पर जा गिरा। सिर के बल गिरने से बालक अचेत हो गया, जिसे नीचे गिरता देख आसपास के लोग तत्काल उठाकर जिला अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को कोमा में जाना बताते हुए उसकी हालत बेहद नाजुक बताई है। बच्चे की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है।

## हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी नरेंद्र कुमार (४१) पुत्र हरबीर सिंह बृहस्पतिवार को किसी काम से जनपद बागपत के कस्बा बड़ौत में गया था। वहां हुए हादसे में नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय पुलिस ने वहीं के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। युवक के हादसे में घायल होने की जानकारी मिलने पर परिजन बड़ौत पहुंचे और वहां से शुक्रवार को घायल युवक को निजी हॉस्पिटल से रेफर कराकर यहां जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करा दिया। यहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई, जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है।

## संदिग्ध हालात में लापता हुआ छात्र

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गुलशन राय जैन धर्मशाला के सामने रहने वाले व्यापारी संजय जैन का बेटा पारस जैन करीब १५ साल का है, जो शुक्रवार सुबह स्कूल से लौटते समय संदिग्ध हालात में लापता हो गया। किशोर स्कूल बैग भी साथ लिए हुए है, जिसका हरसंभव तलाश के बावजूद कहीं कोई सुराग नहीं लगा है। बेहाल परिजनों ने थाने में छात्र की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## धोखाधड़ी के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित नलकूप खंड कार्यालय में कुछ दिन पूर्व संदिग्ध हालात में सरकारी दस्तावेज से भरी एक अलमारी में संदिग्ध हालात में आग लग गई थी। अग्निकांड में इस महत्वपूर्ण अलमारी में रखे खरीद-फरोख्त सम्बंधी बिल समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गये थे। इस मामले में अधिकारियों के निर्देश पर विभागीय मुंशी विशाल के खिलाफ शहर कोतवाली में महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज जलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आशंका जताई जा रही है कि सरकारी धन की बंदरबांट व गबन के बड़े मामले को छिपाने के इरादे से सरकारी दस्तावेज से भरी अलमारी में जान-बूझकर आग लगाई गई है। मामले की विभागीय जांच में विभागीय मुंशी विशाल के साथ ही जीपीएफ पटल देख रहे अंकुल नामक एक और कर्मचारी को आरोपी मानते हुए विशाल को सस्पेंड भी कर दिया गया था। शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस ने इस घटना के दोनों आरोपियों सिखेड़ा क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी अंकुल और छपार क्षेत्र के गांव सिमरथी निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## उमस भरी गर्मी के बीच लो वोल्टेज ने रुलाया

कांधला, १३ मई (बु.)। नगरा में लो वोल्टेज के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण पानी की आपूर्ति सहित गर्मी से बचाव करने वाले सभी उपकरण भी जवाब दे चुके हैं। वहीं लो वोल्टेज को लेकर विद्युत विभाग की टीम भी लगातार सुधार के प्रयास कर रही है। नगर में पिछले १ सप्ताह से भीषण गर्मी की तपिश के साथ लो वोल्टेज की स्थिति भी भयंकर रूप लेती जा रही है। उमस भरी गर्मी में लो वोल्टेज का मतलब कोढ़ में खाज जैसा साबित हो रहा है। नगर के लोग आज कल इसी तरह की परेशानी झेलने को विवश हैं। यह स्थिति पिछले कई दिनों से है। उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन शिकायत तक की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ है। शुक्रवार को भी पूरे दिन लो वोल्टेज के के चलते पंखे, कूलर, पानी के पंप की रफ्तार बढ़ने का इंतजार करते रहे, लेकिन उमस बड़ी गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति को भी पसीने छूट गये। वोल्टेज में जारी उतार-चढ़ाव के कारण कई बिजली उपकरण खराब हो गए। मानक के अनुसार वोल्टेज नहीं मिलने से इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहा है। नगर के मौहल्ला रायजादगान निवासी राजेन्द्र, जगरोशन, पप्पू ने कहा कि बिजली की आवाजाही से मोटर भी सही तरीके से काम नहीं कर रही। नगर पालिका परिषद की पेयजल ट्यूबवेल लो वोल्टेज से प्रभावित होने के कारण पेयजल संकट की स्थिति हो गई है।

## विशेष दिवसों पर एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के नन्हें-मुन्नों ने की उत्साहपूर्ण भागीदारी

मुजफ्फरनगर, 13 मई ( बुस. )। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में नन्हे-मुन्नों ने पूरे सप्ताह विशेष दिवसों पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। मातृ दिवस से शुरू होकर परिवार दिवस पर समाप्त होने वाला यह सप्ताह विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। 11 मई को होने वाले प्रौद्योगिकी दिवस पर कक्षा 4जी के छात्र अरनव पोपली ने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 मई को पूरे देश में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का भारत में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व है। हर साल इस दिन को भारत की तकनीकी प्रगति की उपलब्धि के रूप में मनाया जाता है, दरअसल 11 मई, 1998 को देश ने पोखरण में परमाणु हथियारों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। विद्यार्थियों ने मंच पर कुछ विज्ञान के प्रयोग करके भी दिखाए तथा विज्ञान की दैनिक जीवन में उपयोगिता एवं महत्व को समझाया। शिक्षिका मिली मित्तल ने प्रौद्योगिकी दिवस का महत्व बताते हुए भारत के मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम और मिसाइल वूमेन टेसी थॉमस के बारे में बच्चों से जानकारी साझा की। 12 मई को मनाए जाने वाले नर्स दिवस के अवसर पर कक्षा 4बी की छात्रा आराध्या ने अपने विचार प्रस्तुत किए। 4बी की छात्राएं आरोही और हर्षिका ने मदर टेरेसा और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के रूप में प्रस्तुत होकर विद्यार्थियों में दया एवं करुणा का भाव जगाया। इसी सप्ताह 15 मई को मनाए जाने वाले परिवार दिवस के बारे में कक्षा 4बी की छात्रा आराध्या ने परिवार दिवस का महत्व बताया। बच्चों ने इन सभी दिवसों पर बढ़ -चढ़कर हिस्सेदारी ली। बच्चों ने विभिन्न कविताएं व गीत सुनाए। कार्यक्रम में मीनाक्षी नांगिया, पूजा गुप्ता, शिखी शर्मा और मिली मित्तल आदि शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। इंचार्ज रेनू गोयल ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इन विशेष सामाजिक दिवसों में भागीदारी करने से विद्यार्थियों में सामाजिक कर्तव्यों को निर्वहन करने का भाव जागृत होता है। विद्यार्थियों में अपनापन , दया एवं करुणा का भाव भी उत्पन्न होता है और छात्रों में स्वतः ही सामाजिक दायित्वों को पूरा करने की क्षमता विकसित हो जाती है।





## अपहरण में असफल होने पर मारपीट करने का आरोप

पुरकाजी, १३ मई (बु.)। पुरकाजी क्षेत्र के गांव तुगलकपुर निवासी शमशाद की पुत्री १६ अप्रैल २०२२ को घर से गायब हो गयी थी, जिसका काफी तलाश के बाद कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर पीड़ित ने २२ अप्रैल को निकट के गांव कम्हेड़ा निवासी एक ही परिवार के चार लोगों पर पुत्री का अपहरण कर ले जाने तथा पुत्री के बारे में जानकारी करने पर गाली गलौच और मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर में नामजद आस मौहम्मद, फैयाज, वकीला, गुलिस्ता के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार की दोपहर आस मौहम्मद बाईक पर अपने एक साथी के साथ तुगलकपुर गांव में शमशाद के घर आया और उसकी पत्नि व पुत्रवधू की आंखों में मिर्च डालकर उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण ले जाने का प्रयास किया, जिसका विरोध करने पर युवक ने शमशाद पर हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर आस-पास के लोग मौके पर जमा हो गये। जिस पर आस मौहम्मद व उसका साथी अपनी बाईक छोड़कर धमकी देते हुए भाग गये। घायल व परिवार के सदस्यों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## छात्र-छात्राएं मोबाइल का दुरुपयोग नहीं, सदुपयोग करें : अंकुर दुआ

❒ एसडी कॉलेज ऑफ लॉ की स्पोर्ट्स मीट में संपादक बुलेटिन ने युवा पीढ़ी को दिए भविष्य संवारने के टिप्स

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य और मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गये मोबाइल फोन का छात्र-छात्राएं दुरुपयोग करने के बजाए सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि अच्छा नागरिक बनने के लिए ईमानदारी के साथ अच्छे संस्कार होना भी जरूरी है। एस.डी. कॉलेज ऑफ लॉ की स्पोर्ट्स मीट के पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए संपादक बुलेटिन अंकुर दुआ ने युवा पीढ़ी को भविष्य संवारने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि आज के युवा संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा, संस्कार और संस्कृति को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बीते ५० साल से बुलेटिन अपने संस्कारों की बदौलत चल रहा है। चार पेज और ब्लेक-इन-व्हाइट अखबार आज पूरे देश में कहीं नहीं चल रहा, लेकिन बुलेटिन अपने अच्छे समाचार लेखन की वजह से टिका हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में देश का भविष्य तेजी से बदल रहा है। कोरोना काल में बड़े जज्बे के साथ पीएम ने लोगों की मदद की। वैक्सीनेशन कराना कोई आसान बात नहीं थी, लेकिन बड़ी आसानी से १०० करोड़ से ऊपर लोगों को वैक्सीन का टीका लगाया जा चुका है। कोरोना काल में बुलेटिन परिवार ने ऑक्सीजन देकर काफी लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया था। भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने कहा कि युवा जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम करें। हाल ही में यूपी सरकार ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित किए हैं, लेकिन आज युवा इनका सदुपयोग ना करके दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि छात्र-छात्राओं को ये मोबाइल उनकी पढ़ाई के लिए दिए गए हैं, इसलिए वे इसका गलत इस्तेमाल ना करते हुए केवल पढ़ाई पर ध्यान दें। उन्होंने बताया कि दिल्ली के एक बड़े काउंसलर ने बातचीत के दौरान उन्हें बताया था कि मोबाइल तो आज की सबसे बड़ी बीमारी है, क्योंकि बच्चे इसका बहुत ज्यादा गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं को २-३ घंटे से ज्यादा मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## श्रीराम कॉलेज में बी.बी.ए. का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

मुजफ्फरनगर, 13 मई ( बुस. )। श्रीराम कॉलेज के बीबीए पंचम सैमेस्टर के सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। सानिया परवीन ने सबसे अधिक 74.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आयुष धीमान ने 74.5 प्रतिशत व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आकृति कुलश्रेष्ठ ने 73.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने बीबीए के सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे भी अपने जीवन में इसी प्रकार की सफलतायें अर्जित करते हुए अपने कॉलेज और अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहना चाहिए। श्रीराम कॉलेज ऑफमैनेजमेंट के डीन पंकज कुमार ने भी अध्यापकों को उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिली सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सभी विभाग में विद्यार्थियों की सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य अध्यापकों पर निर्भर करता है। वहीं विभागाध्यक्ष विवेक त्यागी ने विभाग के सभी अध्यापकों की मेहनत से पिरोये हुए परीक्षाफल को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में पिछले सालों से भी ज्यादा सेमिनार तथा विशेषज्ञों के आयोजन का फल आज हमारे छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने में बेहतर मैनेजर के गुण विकसित कर भविष्य में देश और समाज निर्माण में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विभाग के प्रवक्ताओं में हिमांशु वर्मा, पंकज काशिक, श्रुति धीमान, शिवानी शर्मा, विकास कुमार, अंकुशरावल, पूजापाल, हंसिका जैन, निशिठाकुर, गरिमा चौधरी व अमीषा गर्ग ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## पेट्रोल पंप पर घटतौली व गुणवत्ता की हुई जांच

मीरापुर, 13 मई ( बु. )। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व बांट-माप निरीक्षक ने कस्बे के पेट्रोल पंपों की जांच की गई। जांच के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को जानसठ के क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक विकास सिंह, बांट-माप निरीक्षक शैलजा राय व तेल कम्पनी के विक्रय अधिकारी वरुण श्रीवास्तव ने टीम के साथ पेट्रोल पंपों पर घटतौली व मिलावट की जांच की। टीम ने मीरापुर में दिल्ली-पौडी राजमार्ग पर मॉडर्न सर्विस स्टेशन पर चैकिंग की, तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने यहां पर पेट्रोल-डीजल की घटतौली, गुणवत्ता, स्टॉक का रजिस्टर से मिलान, मशीनों की रीडिंग आदि की गहनता से जांच की। जहां पर जांच में सब ठीक मिला। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी विकास सिंह ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को उचित सुविधाएं मुहैया होती रहें। किसी भी पेट्रोल पंप से कोई शिकायत पाई जाती है, तो सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में घटतौली व मिलावट को बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## गन्ना पेराई सत्र समाप्त, चीनी मिलों पर किसानों का 847 करोड़ बकाया

*शामली, १३ मई (बु.)। वर्तमान पेराई सत्र समाप्त होने के कगार पर होने के बावजूद जनपद की चीनी मिलों द्वारा किसानों के बकाया भुगतान की स्थिति पिछले वर्षों की तरह जस की तस बनी हुई है। जिलाधिकारी ने चिंता जताते हुए मिलों को मई माह में भुगतान के लिए शामली को ५१, ऊन को ४० तथा थानाभवन को ५० करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया है।*

*जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को जनपद की तीनों चीनी मिलों पर किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की। शामली मिल ने १०५.५८ लाख कुंतल गन्ना ३४२.०८ करोड़ रुपये का खरीदा, जबकि अभीतक केवल ५६.६२ करोड़ रुपये भुगतान हुआ है, जो १७.५२ प्रतिशत है, २८२.१६ करोड़ रुपये बकाया है। ऊन शुगर मिल ने ६७.४६ लाख कुंतल ३२६.६० करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा, जिसका ६३.७६ करोड़ रुपये यानि २८.४५ प्रतिशत भुगतान हुआ है। २३५.८२ करोड़ रुपये बकाया है। थानाभवन शुगर मिल ने १२७.०८ करोड़ कुंतल गन्ना ४३६.६६ करोड़ रुपये का खरीदा, जिसमें से ११०.२२ करोड़ रुपये यानि २५.०५ प्रतिशत भुगतान हुआ है। मिल पर अभी २३६.७७ करोड़ रुपये बकाया है। जनपद की मिलों ने ३३०. १५ लाख कुंतल गन्ना ११११.६७ करोड़ रुपये का खरीदा, जिनका अभीतक २६३.६२ करोड़ रुपये का भुगतान २३. ७४ प्रतिशत हुआ है, जबकि ८४७.७५ करोड़ रुपये बकाया है। बैठक में पेराई सत्र २०२१-२२ के चीनी मिलों द्वारा किये गये भुगतान को देखते हुए जिलाधिकारी ने कड़ा रोष प्रकट करते हुए चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को नियमित भुगतान का निर्देश दिया। उन्होंने शामली चीनी मिल को माह मई में ५१ करोड़ का भुगतान सुनिश्चित करें, ऊन चीनी मिल को ४१ करोड़ एवं थानाभवन चीनी मिल को ५० करोड़ का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने दिये गये भुगतान के लक्ष्य के अनुसार यदि चीनी मिलों द्वारा भुगतान नहीं किया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी विजय बहादुर सिंह एवं शामली चीनी मिल से कुलदीप पिलानिया महाप्रबन्धक गन्ना एवं विजित जैन एकाउन्ट हेड, थानाभवन चीनी मिल से वीरपाल सिंह यूनिट हेड, जे.बी. तोमर महाप्रबन्धक गन्ना तथा सुभाष बहुगुणा एकाउन्ट हेड एवं चीनी मिल ऊन से अनिल कुमार अहलावत महाप्रबन्धक गन्ना एवं विक्रम सिंह एकाउन्ट हेड भाग लिया।*



1973-2022

## सम्पादक की क़लम से

# कांग्रेस का चिन्तन शिविर

उदयपुर में कांग्रेस का चिन्तन शिविर चल रहा है। कांग्रेस को चिन्तन करना भी चाहिये। बहुत सालों से कांग्रेस के बारे में एक ही बात कही जा रहा है, वो यह कि कांग्रेस अपनी मशीन के उन पुर्ज़ों को नहीं बदलती जो ख़राब हैं और ये चिन्तन शिविर वगैरा एक चाय नाश्ते और भोजन की पार्टी के अलावा कुछ नहीं होते। यह अलग बात है कि इन पार्टियों से कांग्रेस और कांग्रेसियों को मीडिया की कवरेज मिल जाती है। राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय 'नव संकल्प चिंतन शिविर' चल रहा है, जिसके पहले दिन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी में बदलाव के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। 13 से 15 मई तक चलने वाले इस शिविर में सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित देशभर से कांग्रेस के नेता हिस्सा ले रहे हैं। भारत में 2014 के लोकसभा और विधानसभा के करीब 45 चुनाव हुए हैं, जिसमें से कांग्रेस मात्र पांच चुनाव जीत पाई है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमन्त्री बने थे, तब कांग्रेस की सरकार 9 राज्यों में थी, लेकिन अब पार्टी मात्र दो राज्यों तक सिमट गई है। इन नतीजों ने कांग्रेस की विश्वसनीयता और नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर दिया है। ये सवाल बाहर से तो उठ ही रहे हैं, पार्टी के अंदर से भी उठाए जा रहे हैं। अब चिंतन शिवर में पार्टी के आंतरिक मुद्दों, संगठन को मज़बूत करने और भविष्य की राजनीति को लेकर कांग्रेस पार्टी विचार-विमर्श कर रही है। इस 'नव संकल्प चिंतन शिविर' के पीछे आने वाले चुनाव हैं। पार्टी नहीं चाहती कि उसकी और किरकिरी हो। इस साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव है, जबकि 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऐसे में कांग्रेस का ये चिंतन शिविर काफी अहम माना जा रहा है। नव संकल्प चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के लोगों से क़र्ज़ उतारने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारे लंबे और सुनहरे इतिहास में आज एक ऐसा समय आया है, जब हमें अपनी निजी आकांक्षाओं को संगठन के हितों के अधीन रखना होगा। पार्टी ने हम सभी को बहुत कुछ दिया है। अब क़र्ज़ उतारने का समय है। मैं समझती हूं इससे आवश्यक और कुछ नहीं है। सोनिया गांधी ने बीजेपी और प्रधानमन्त्री मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बीजेपी पर अल्पसंख्यकों के साथ क्रूर व्यवहार करने और महात्मा गांधी के हत्यारों को महिमामंडित करने का आरोप लगाया। सोनिया गांधी ने कहा, अब ये पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि पीएम मोदी और उनके सहयोगियों का 'अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार' के नारे का असल मतलब क्या है। इसका मतलब है देश को हमेशा ध्रुवीकरण की स्थिति में रखना, लोगों को हमेशा डर और असुरक्षा में रहने के लिए मजबूर करना, हमारे समाज के अभिन्न अंग और हमारे गणतंत्र के समान नागरिक अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करना और क्रूरता के साथ उन्हें निशाना बनाना। न्याय, उदारता, समानता और धर्मनिरपेक्षता के हमारे संविधान के स्तंभों को खुले तौर पर नकारना। उदयपुर के पुराने नेताओं का कहना है कि सोनिया गांधी वही भाषा बोल रही हैं, जो कांग्रेस को दुर्गति तक लाई ऐसे में चिंतन शिविर का कोई लाभ कांग्रेस को मिलने वाला नहीं है। सोनिया गांधी ने बीजेपी पर राजनीतिक विरोधियों को धमकाने और देश में डर का माहौल पैदा करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीतियों का मतलब लोगों को बाँटना और एकता और विभिन्नता के विचार को ख़त्म करना है। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को धमकाना, उनकी छवि ख़राब करना, छोटी-छोटी बातों के लिए जेल में डालना और उनके ख़िलाफ़ जाँच एजेंसियों का ग़लत इस्तेमाल करना है। इसका मतलब है लोकतंत्र की सभी संस्थाओं की स्वतन्त्रता को ख़त्म करना। हमारे नेताओं, ख़ासतौर पर जवाहरलाल नेहरू का लगातार अपमान करना। उनके योगदान, उपलब्धियों और त्याग को व्यवस्थित तरीक़े से नकारते जाना। सोनिया गांधी ने पार्टी में सख़्त ज़रूरी बदलावों की बात भी की। उन्होंने कहा, हर संगठन को न केवल जीवित रहने के लिए बल्कि बदलने के लिए समय समय पर अपने अंदर परिवर्तन लाने होते हैं। हमें सुधारों की सख़्त ज़रूरत है रणनीति में बदलाव, सुधार और रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन की ज़रूरत है। इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करना होगा। सोनिया गांधी ने चुनावों में लगातार मिल रही हार पर भी बात की। उन्होंने कहा, हाल ही में मिली नाकामयाबियों से हम बेखबर नहीं हैं। लोगों की हमसे जो उम्मीदें हैं, उनसे हम अनजान नहीं हैं। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रण लेने के लिए एकत्रित हुए हैं कि देश की राजनीति में अपनी पार्टी को उसी भूमिका में लाएंगे, जो भूमिका पार्टी ने सदैव निबाही है। 2020 में भी उदयपुर में कांग्रेस की कार्यकारी समिति की एक बैठक हुई थी। उसमें पार्टी के नेतृत्व पर और पार्टी के संगठन में बदलाव करने के बारे में विचार किया गया था, जो अब तक नहीं हुए। ज़्यादातर नेताओं का मानना है कि इस चिंतन शिविर का भी हश्र यही होगा, मिलो-जुलो, खाओ-पियो, घर जाओ। कांग्रेस से वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने 2020 में कहा था कि, कांग्रेस की हार कोरोनावायरस जैसी हो गई है, जिसका कोई इलाज नहीं है। हमें अहंकार छोड़ बदलाव लाना होगा। अगर पार्टी को अपना अस्तित्व बचाना है, तो इसे नए सिरे से कोशिश करना होगी। हर बार बस यही बातें की जाती हैं कि 'हमें अहंकार छोड़ बदलाव लाना होगा'। लेकिन न अहंकार छूटता है और न बदलाव लाया जाता है। पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर पाटी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आज़ाद ने कहा था, मैं हैरान हूँ, पार्टी की हार देखकर मेरा दिल रो रहा है। हमने पार्टी को अपनी पूरी ज़िन्दगी और जवानी दी है। मुझे भरोसा है कि पार्टी का नेतृत्व सभी कमज़ोरियों और कमियों पर ध्यान देगा, जो मैं और मेरे साथी पिछले कुछ समय से उठा रहे हैं। लेकिन गुलाम नबी आज़ाद जैसे वरिष्ठ नेताओं की बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

**वक़्त, गर्द, बदन, बर्फ़**

वक़्त की सब गर्द एक दिन धुल ही जाती है जनाब,
पोल इस कच्चे बदन की खुल ही जाती है जनाब।
रूप से बहरूप है बस चन्द लम्हों के लिये,
घुलते-घुलते बर्फ़ आख़िर घुल ही जाती है जनाब।

## पीआरडी जवानों को योगी सरकार देगी बड़ा तोहफा

लखनऊ, १३ मई (एजेंसी)। यूपी सरकार प्रांतीय रक्षक दल को सुदृढ़ करने और इसके जवानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इनकी ड्यूटी लगाने और ड्यूटी भत्ता बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। अगले ६ माह में पीआरडी में एनरोलमेंट के लिए १४०० युवाओं का चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीआरडी और मंगल दल को सुदृढ़ करने के प्रति कृतसंकल्प है। पीआरडी जवानों को बेहतर सुविधाएं और उनकी जिम्मेदारी के अनुरूप इन्सेनटिव देने के साथ ही उनके दैनिक ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी और उन्हें प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोडने का भी निर्णय लिया गया है। अगले १०० दिनों में २०,००० जवानों, दो वर्षों में २२,५०० और पांच वर्षों में २५,००० जवानों की प्रति माह ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात द्वारा प्रायोजित पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण के प्रस्ताव की मंजूरी ली जाएगी। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि दो वर्ष में प्राइवेट सेक्टर में ड्यूटी करने के लिए पीआरडी एजेंसी की स्थापना की जाएगी। जिसका वित्त पोषण निजी संसाधनों से किया जाएगा। इसी अवधि में लखनऊ में विभागीय भूमि पर पीआरडी केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण भी पूरा किया जाएगा।

## बुज़ुर्ग सास को बुरी तरह पीटती बहू का वीडियो हुआ वायरल

कानपुर, १३ मई (एजेंसी)। यूपी के कानपुर में एक वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो ने इंसानियत को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया है। वीडियो कानपुर जिले के चकेरी क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो में एक महिला अपनी १०५ वर्षीय सास को जानवरों की तरह पीटते नजर आ रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और सास पर उत्पीडन करने वाली बहू को धर दबोचा। पुलिस बहू से थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

वीडियो में एक चारपाई पर बैठी बुजुर्ग सास को उसकी बहू कभी बुरी तरह पीट रही है तो कभी बाल पकड़कर जमीन पर पटक रही है। सास को नहलाने से लेकर खाना खिलाने तक में जानवरों जैसा व्यवहार देख पड़ोसियों ने पूरा वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। चकेरी के घाऊखेड़ा निवासी भगवान बली की १०५ वर्षीय मां जयराम देवी हैं। इलाके के लोगों के अनुसार भगवान बली ई रिक्शा चालक है। लोगों ने बताया कि उसकी पत्नी आरती गुप्ता अपनी सास की बेरहमी से पिटाई करती हैं। वीडियो देखने के बाद चकेरी इंस्पेक्टर महिला पुलिस के साथ भगवान बली के घर पहुंचे और आरती को पकड़कर थाने ले आए। चकेरी इंस्पेक्टर मधुर मिश्रा ने बताया कि आरोपित बहू से पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है। ज्वाइंट कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि इस वीडियो ने उन्हें हिला दिया। पूरे मामले की जांच एसीपी मृगांक शेखर को सौंपी गई है।



बाढ़ राहत की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। फोटो बुलेटिन

## 11 लावारिस शवों की अस्थियां विसर्जित



शामली, १३ मई (बु.)। अंतिम यात्रा सेवा समूह द्वारा ११ लावारिस शवों के अंतिम संस्कार करने के बाद शुक्रवार को हरिद्वार जाकर अस्थियों का विसृजन किया गया। सेवा समूह द्वारा सडकों पर मिलने वाले लावारिस शवों के अलावा कोरोना काल में अपनी जान गवां चुके और परिजनों द्वारा शव लेने से इंकार कर दिए जाने पर अंतिम संस्कार किया गया था। वार्ड सभासद पति व अंतिम यात्रा सेवा समूह के सदस्य निशीकांत संगल बताते हैं कि दो वर्ष पूर्व कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर का प्रकोप इस कदर था कि आये दिन किसी न किसी का कोरोना संक्रमण से मौत होने की सूचनाऐं मिल रही थी। ऐसे में कोरोना का भय लोगों को सताने लगा था और शहर के बाजार निवासी एक व्यक्ति की कोरोना से मौत हुई तो परिजन कोरोना संक्रमण से इस कदर भयभीत थे कि उन्होने कोरोना संक्रमित शव को लेने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद मन में विचार आया कि क्यो ने अंतिम यात्रा सेवा समूह बनाकर उक्त कोरोना संक्रमण से मारे गए लोगों के शवों का अंमित संस्कार किया जाये, जिसके बाद निशीकांत अपनी टीम को साथ लेकर चिकित्सा विभाग से मिले और उक्त शव को चिकित्सकों की टीम की निगरानी में अंतिम संस्कार कराया गया। इसके बाद शहर के करीब ७ ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी कोरोना से मौत हुई, लेकिन परिजन दाह संस्कार नही कर पाये, जिसमें या तो बच्चे छोटे थे, या फिर परिजन भयभीत थे, जिनका सेवा समूह द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। दो शवों को पुलिस विभाग द्वारा लावारिस अवस्था में पाये जाने पर अंतिम संस्कार कराया गया था, लेकिन उनकी शिनाख्त होने पर परिजन अस्थियां आकर ले गए थे। पिछले करीब एक वर्ष में सेवा समूह द्वारा सडकों पर लावारिस अवस्था में मिलने वाले करीब ११ शवों का अंतिम संस्कार कराया गया, जिनकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी, न ही परिजन उनकी अस्थियां लेने आये। किंतु लंबा समय बीत जाने के बाद ११ व्यक्तियों की अस्थियां अपनी मोक्ष की प्रप्ति हेतु परिवार के लोगों का इंतजार कर रही थी, लेकिन कोई नहीं आया। शुक्रवार को सभी ११ लावारिस शवों की अस्थियों को हरिद्वार गंगा में ले जाकर पूरे विधि विधान, धार्मिक अनुष्ठान कराकर, हर की पौड़ी पर, धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार विसर्जन कर इन अस्थियों के लिये मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया। सुबह सवेरे ही शहर के धीमानपुरा स्थित शमशान घाट पर अस्थियों के विसर्जन के लिए स्वयं सेवकों की एक भीड़ जमा हुई। मौके पर अनिल चित्रा, मानस संगल, अंकित गोयल, पंकज गुप्ता, राजीव गोयल, राहुल तायल, भूषण जिंदल, प्रदीप गोयल, निशिकांत संगल, प्रमोद वर्मा, सुनील उपाध्याय, रजत गोयल, आशीष जिंदल, महेश गोयल, मनीष नामदेव, कुलभूषण खुराना, विभोर गर्ग, विपुल गोयल, राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पूर्व तैयारी में हीला हवाली नहीं होगी बर्दाश्तः जिलाधिकारी

- समय रहते ठोस कदम उठाने के दिए आदेश, की समीक्षा
- मॉक ड्रिल के लिए स्थान चयन करने के दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। मौसम के मिजाज में तेजी से जारी उतार-चढ़ाव से बीच जिले में बाढ़ के संभावित अंदेशों के बीच जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ इसे देखते हुए अधिकारियों को हर स्तर पर मुकम्मल तैयारी रखने के डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने आदेश दिए हैं। राज्यपाल के जनपद दौरे समेत अन्य तमाम जारी व्यस्तताओं के बीच डीएम ने मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की। जनसामान्य से मिल रहे फीडबैक के आधार पर डीएम ने शुक्रवार को बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक बुलाई और जिलास्तरीय सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी विभागों की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विकास की गति में भी तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। दो टूक उन्होंने फरमाया कि सिर्फ रिपोर्ट नहीं अपितु रिजल्ट बेस्ड काम होना चाहिए। बाढ़ आपदा से बचाव एवं पूर्व तैयारियों की समीक्षा के बीच कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में मॉक एक्सरसाईज संबंधी एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ आगामी दिनों में जनपद में बाढ़ आपदा से बचाव एवं पूर्व तैयारी को लेकर चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा बाढ़ आपदा से जन हानि, पशु हानि एवं फसल क्षति से बचाव किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में इस दौरान उन्होंने सम्भावित बाढ़ आपदा से बचाव की खातिर उपाय बताते हुए जरूरी टिप्स दिए। इस दौरान उन्होंने 23-24 मई को इसे लेकर होने वाली मॉक एक्सरसाईज के लिए महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया कि वें किसी पेपर मिल, शुगर मिल-कैमिकल फैक्ट्री का यथा शीघ्र चयन कर लिया जाये। बैठक में स्वास्थ्य, राजस्व, ट्रैफिक व सिविल पुलिस के अलावा विकास, परिवहन, जिला पूर्ति विभाग, अग्निशमन विभाग, पशुपालन विभाग, जल निगम, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, सूचना विभाग, सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, नगपालिका, नगर पंचायत, एनसीसी, नेहरू युवा केन्द्र, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, स्वयं सेवी संगठन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सीमा सुरक्षा बल, सीआईएसएफ विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ आलोक कुमार यादव, एडीएम प्रशासन, नरेन्द्र बहादुर सिंह, कमाण्डेट 8वीं बटालियन, एनडीआरए, एडीएम वित्त एवं राजस्व अजय कुमार तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, उप जिलाधिकारी परमानन्द झा, जिला आपदा विशेषज्ञ आदि के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अयोध्या के मठों को भूमि उपलब्ध कराई जाएगीः योगी

वाराणसी, १३ मई (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में मठों, धार्मिक संस्थाओं को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार इसकी तैयारी कर रही है। इससे मठों से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में भगवान राम के दर्शन-पूजन के दौरान ठहरने, भोजन की बेहतर व्यवस्था होगी। सीएम ने यह बात शुक्रवार को जंगमबाड़ी मठ में पट्टाभिषेक समारोह के तहत विश्व वीरशैव महासम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कही। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पंथ, संप्रदाय, मजहब की मंजिल एक है। केवल रास्ते अलग हैं। सभी के भाव का सम्मान है। सभी को सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि हम लोग धर्म के अनुयायी हैं। हम सभी का एक ही संकल्प है कि तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें। इस संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हम लोक कल्याण के भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम महाभारत के अर्जुन की तरह काम कर रहे हैं।

इससे पहले सीएम योगी ने विश्व वीरशैव महासम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मठ में पट्टाभिषेक का बहुत महत्व होता है। एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी ज्ञान की परंपरा के साथ साथ वहां की पूरी व्यवस्था सौंपने को अग्रसर होती है। जगदगुरु डॉ. चंद्रशेखर शिवाचार्य महास्वामी ने अंगवस्त्रम ओढ़ाकर सीएम को सम्मानित किया। मठ की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और विशेष माला पहनाई गई। योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दिखा दिया कि धार्मिक स्थलों का स्वरूप कैसा होना चाहिए। काशी विश्वनाथ धाम के स्वरूप पर देश और दुनिया के श्रद्धालु गर्व कर रहे हैं। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण इसका बेहतरीन उदाहरण है।

## मीरापुर में व्यापारियों ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया

मीरापुर, 13 मई (बु.)। प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का मीरापुर पहुंचने पर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार व्यापारियों व किसानों से किये गए सभी वादे पूरे करेगी। शुक्रवार को बिजनौर से लौटते समय मीरापुर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी समाजसेवी व्यापारी संजय गोयल उर्फ पिंकी के आवास पर पहुंचे प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का व्यापारियों ने फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का जो वायदा किया था, उसे निभाया जाएगा। सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी को बढ़ाया जाएगा। नई तकनीक के माध्यम से बिजली चोरी रोकी जाएगी। इस दौरान व्यापारी संजय गोयल व उनकी धर्मपत्नी ने ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर को राधा-कृष्ण की मूर्ति उपहार स्वरूप भेंट की। इस दौरान स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से व्यापारी तेजपाल वर्मा, अभिनव वर्मा, रोहित सिंघल, समीर कौशिक, मोहन लाल संगल, प्रदीप गर्ग, रादीप कसाना आदि शामिल रहे।

# अब प्रतिबन्धित पॉलिथीन के विरुद्ध चलेगा वृहद अभियान

- नालों की सफाई एवं फॉगिंग छिड़काव कार्य में तेजी के निर्देश
- जिले में जून-जुलाई माह में 30 लाख पौधारोपण का लक्ष्य
- गंगा घाटों पर साफ-सफाई को लेकर चलेगा अभियान

मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में ईओ को क्षेत्र में पॉलिथीन प्रतिबंध के साथ सघन चैकिंग अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नाले की साफ-सफाई एवं फॉगिंग छिड़काव करने के निर्देश दिए। वहीं डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने अधीनस्थों को जनपद में आगामी जून-जुलाई माह में पौधारोपण के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश देने के साथ ही गंगा के घाटों पर साफ-सफाई को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकवाणी भवन में डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में बिंदुवार विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए प्रत्येक अधिकारी से विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में डीएम द्वारा बायो-मेडिकल वेस्ट की समीक्षा किए जाने हेतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वें प्रत्येक दशा में बायो मेडिकल वेस्ट को मानक के अनुसार कलेक्ट कर उनका निस्तारण कराया जाए। वहीं उन्होंने जनपद में पॉलिथीन के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने को नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त अधिशासी अधिकारी को इस बीच निर्देशित किया कि वें अपने-अपने क्षेत्रों में टीम गठित करते हुए वृहद स्तर पर चैकिंग अभियान चलाए तथा पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाए। डीएम द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में पालिका ईओ हेमराज सिंह को निर्देशित किया कि जिले में इकट्ठे होने वाले सॉलिड वेस्ट का प्रबंधन कर निस्तारण कराएं। बैठक में परिवहन विभाग की समीक्षा में एआरटीओ ने बताया कि अप्रैल माह में जनपद में प्रदूषण फैलाने वाले 27 वाहनों का चालान किया तथा 10 साल से पुराने डीजल 15 वाहनों को जांच कर एनओसी जारी की गई। इसके अलावा 25 पेट्रोल वाहन पर कार्यवाही की 10 वाहनों की पंजीयन निरस्त किये गये। बैठक में वन विभाग से वन अधिकारी कन्हैया पटेल ने बताया कि जिले में आगामी जून-जुलाई माह में शासन द्वारा 30 लाख पौधारोपण का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें वृक्षारोपण कार्य से जुड़ी भूमि चिन्हित व गड्ढा खुदान की सूचना वनाधिकारी को दें। साथ ही शासन के निर्देशों के चलते अमृत महोत्सव उद्यान कार्यक्रम चलाने की योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में 75 पौधों के माध्यम से कोई चित्र जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम, तिरंगा ध्वज इत्यादि बनाए जाएं तथा नगर पालिका परिषद क्षेत्रों में 750 पौधों का लक्ष्य अमृत महोत्सव उद्यान के लिए निर्धारित किया गया है। समीक्षा बैठक के उपरांत डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने कार्य को गंभीरता से लें एवं शासन की मंशा अनुरूप कार्य को संपन्न कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभाग द्वारा कार्य में लापरवाही पाई गई, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, एमडीए सचिव महेन्द्र सिंह, वन अधिकारी कन्हैया पटेल एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों की संपन्न बैठक में समस्याओं पर विचार मंथन

- संसदीय मंत्री ने व्यापारियों को दिया सहयोग का आश्वासन

लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 13 मई (बु.)। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में संपन्न व्यापारियों की बैठक में प्रदेश के 63 जनपदों के करीब 300 से अधिक व्यापारी नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित करके भारत माता के चित्र व लाला विशंभर दयाल अग्रवाल, शहीद हरिश्चंद्र अग्रवाल, व्यापारी नेता कन्हैयालाल मौर्य के चित्रों पर माल्यार्पण करके बैठक का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के प्रस्तावों पर बोलते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि व्यापारियों ने भाजपा की सरकार बनवाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है, सरकार व्यापारियों के साथ है और व्यापार मंडल की पुरानी मांग व्यापारी दिवस पर सहमति व्यक्त की। वहीं उन्होंने व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को शासन द्वारा बनाए जाने पर सहमति व्यक्त करते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी कर्मचारी अधिकारी की शिकायत मिलने पर तत्काल उस पर दंडात्मक कार्रवाई होगी इसका आश्वासन दिया। पंजीकृत व्यापारियों से चुनकर विधान परिषद सदस्य भेजे जाएं इसमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यह प्रक्रिया जटिल और बड़ी है फिर भी अच्छी मांग है। उन्होंने व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, पेंशन योजना बैठक में मुजफ्फरनगर से प्रदेश मंत्री संजय मित्तल व नगर मीडिया प्रभारी विवेक गर्ग ने मंडी शुल्क पूरे प्रदेश में समाप्ति व प्रोपराइटरशिप फर्म में पार्टनर बनाने की मांग रखी। मंत्री ने इन सब पर अपना रुख स्पष्ट किया। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर नकेल कसने की बात का समर्थन करते हुए कार्यवाही किए जाने की बात की। इस दौरान बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा एक बार फिर से प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों का साधुवाद। उन्होंने कहा कि जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए आपके संज्ञान में दिए जाएगें। इस दौरान प्रदेश महामंत्री द्वारा जारी किया जाएगा निष्क्रिय पदाधिकारियों को जबरदस्ती नहीं चलाया जाएगा, सदस्यता का जो लक्ष्य पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया था, उसकी अंतिम तिथि 1 जून तय की गई 12 जून को फिर से नई प्रदेश की पदाधिकारियों की टीम तैयार की जाएगी जिसके लिए 1 जून तक 3 प्रतिनिधि प्रत्येक जनपद से चुनकर मुख्यालय को भेजे जाएंगे, वहीं एक पदाधिकारी के पास एक ही पद होगा।




# किसानों के ट्यूबवैलों पर मीटर लगाने का विरोध

शामली, १३ मई (बु.)। भारतीय किसान यूनियन तोमर ने बढती महंगाई पर अंकुश लगाने, ट्यूबवैलों पर मीटर की कार्यवाही बंद करने और सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने की मांग करते हुए कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया है। शुक्रवार को दिए गए ज्ञापन में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती मंहगाई, डीजल, गैस व किसानों के खेत में बिजली मीटर की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाये। सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने को लेकर सख्त नियम बनाये जायें। बढ़ती महंगाई जिसमें घरेलू रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस व किसानों द्वारा प्रयोग किये जा रहे डीजल की कीमतों पर अंकुश लगाया जाये। किसानों का ब्याज सहित गन्ना भुगतान जल्द से जल्द कराने और भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर कठोर कार्यवाही की जाये। जब तक किसानों का सम्पूर्ण गन्ना भुगतान नहीं होता, तब तक किसी भी किसान को विद्युत बिल के नोटिस जारी कर परेशान न किया जाये। वर्तमान में चल रही किसानों के ट्यूबवैल पर मीटर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगायी जाये। जनपद शामली में भू-माफिया के द्वारा लगातार अवैध कॉलोनियों का निर्माण चल रहा है। इनकी कई बार शिकायत होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती। केवल बुल्डोजर चलाकर दिखाया जाता है, जिसके बाद भू-माफियाओं द्वारा दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाता है। उक्त सभी भू-माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सभी के नाम सार्वजनिक किये जायें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पंवार, जिला प्रभारी सन्नी निर्वाल, राहुल कुमार, शुभम गोयल, सुहेल अंसारी, संजीव मलिक, देवेन्द्र मलिक, नरेश मलिक, सूरजवीर, अशोक कुमार, रवि पंवार, अंकित पंवार, सहदेव प्रधान आदि मौजूद रहे।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक थैला बाजार में जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया है, जिसमें एक असल बैनामा नम्बर 6957 दिनांकित 02.07.2010 भी था, जो गुम हो गया है और काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है, जो व्यक्ति उक्त बैनामे का उपयोग करेगा, गलत होगा।

**शिवाक्षी त्यागी**
**पत्नी अतिरक्ष त्यागी**
निवासी : मकान नम्बर 1028,
मौहल्ला उत्तरी रामपुररी,
थाना शहर कोतवाली,
जिला मुजफ्फरनगर


# ज्ञानवापी का सर्वे आज से शुरू होगा



वाराणसी, १३ मई (एजेंसी)। वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर का सच सामने लाने के लिए अदालत के आदेश पर शनिवार सुबह आठ बजे से सभी पक्षों की मौजूदगी में सर्वे की कार्यवाही शुरू होगी। सर्वे की कार्यवाही से पहले शुक्रवार को एसीपी चेतगंज कार्यालय में पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने अधिवक्ता आयुक्त की मौजूदगी में हिंदू व मुस्लिम पक्ष के बीच बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी पक्षकारों से सर्वे में सहयोग करने और शहर में शांति और सौहार्द बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। इसके अलावा सर्वे के दौरान मौजूद रहने वाले व्यक्तियों की सूची केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) को भेज दी गई है। सिविल जल सीनियर डिवीजन की अदालत के आदेश के बाद शुक्रवार को जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने धर्म गुरुओं और दोनों पक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि सभी पक्षकारों ने आश्वासन दिया है कि कमीशन की कार्रवाई में सहयोग किया जाएगा। डीएम ने बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे सर्वे कमीशन की कार्यवाही अधिवक्ता आयुक्त के द्वारा की जाएगी। बता दें कि गुरुवार को अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए नए सिरे से सर्वे का आदेश दिया है। १७ मई को अदालत में इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। ऐसे में शनिवार से शुरू होने वाली सर्वे की कार्यवाही १६ मई तक हर दिन सुबह आठ बजे से दोपहर १२ बजे तक जारी रहेगी। सर्वे की कार्यवाही से पहले प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा पुख्ता करते हुए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसमें खुफिया विभाग सहित पुलिस को अलर्ट किया गया है। दरअसल, अदालत ने अपने आदेश में ही कहा है कि कमीशन की कार्यवाही में अवरोध करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त विधिक कार्रवाई करें। ऐसे में सर्वे के दौरान ज्ञानवापी परिसर के बाहर भारी संख्या में पुलिस व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जुमे की नमाज के लिए शुक्रवार को ज्ञानवापी में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस प्रशासन ने इस दौरान ज्ञानवापी परिसर के साथ ही बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था के सख्त इंतजाम किए थे। नमाज से दो घंटा पहले से ही नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परिसर में भीड़ बढ़ जाने के बाद कुछ नमाजियों को वापस भी लौटना पड़ा। अदालत के आदेश के बाद बाद अधिवक्ता आयुक्त ने कमीशन की कार्यवाही को १७ मई से पहले पूरा करने का दावा किया है। ऐसे में चार से पांच दिन की कमीशन की कार्यवाही में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी के जरिए रिपोर्ट तैयार होगी।

## हत्या के मुकदमे में फैसले का दबाव बनाते हुए मिल रही धमकियां

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर निवासी मीनू पत्नी रणवीर ने पुलिस ऑफिस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति रणवीर पर गत १४ अक्तूबर २०२१ को गांव के ही दबंग पिता-पुत्रों दीपक, सागर व सुंदर ने घर में घुसकर हमला कर दिया था। हमलावरों ने इस दौरान रणवीर की पीट-पीटकर नृशंस हत्या कर दी थी। पति की जान बचाते हुए मीनू भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पीड़िता मीनू ने चरथावल थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि पति की हत्या का मामला कोर्ट में विचाराधीन है, जिसमें २६ जून की तारीख नियत है। इससे पहले ही हत्यारोपी पक्ष द्वारा साजिश के तहत उस पर फैसले का दबाव बनाने के इरादे से चरथावल थाने में ही कोर्ट के आदेश पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। अब आरोपी उन्हें खुलेआम उक्त मुकदमे में फैसला करने के लिए दबाव बनाते हुए फैसला नहीं करने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उनसे सुरक्षा की भी गुहार लगाई है।

## पत्नी पर झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मौहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी पंकज पुत्र जयप्रकाश ने पुलिस ऑफिस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी गत १३ दिसंबर २०१८ को गांव तिस्सा निवासी जोनिता पुत्री सूरजभान से हुई थी। आरोप है कि शादी से पहले और शादी के बीच में ही जोनिता के पिता ने उनसे सवा लाख रूपये छह माह में लौटाने की बात कहकर लिए थे। शादी के बाद जब जोनिता मायके गई, तो वहां से लौटने के लिए तैयार नहीं हुई। अपने सोने के कुंडल भी पिता द्वारा बेच दिए जाने की बात कही, जिसका विरोध करने पर जोनिता ने पति के खिलाफ भोपा थाने में फर्जी तहरीर दे दी। पीड़ित का कहना है कि इस पर उनकी शहर के महिला थाने में काउंसिलिंग हुई, जिसमें आरोपियों ने एक बोतल में जहरीला पदार्थ धोखे से पिला दिया, जिससे बेहोश हो गया। इस सम्बंध में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें दो जून की तारीख नियत है। आरोप है कि जोनिता व उसके परिजन उन्हें फर्जी मामले में फंसाने का प्रयास करते हुए लगातार उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाकर तहरीर दे रहे हैं, जिससे उनकी जान-माल को खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ित ने एसएसपी से पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।


## REQUIRED

1. CHARTERED ACCOUNTANT (C.A.)
2. COMPANY SECRETARY (C.S.)
3. H.R. EXECUTIVE
4. MARKETING EXECUTIVE

(M.B.A. FINANCE and having experience in finance and Banking sector)

Eligible Candidate required to send their CV at - sanjivkailash@gmail.com

M. 7055160088




आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत करने के लिए भाजपा व व्यापारियों नेताओं में होड़ लगी रही। लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन पर उनका स्वागत करने पहुंचे व्यापारी व भाजपा नेता।    फोटो बुलेटिन

## जमीन कब्जाने के आरोपी को तीन साल के कारावास की सजा

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर–१ के न्यायाधीश जयसिंह पुंडीर ने सरकारी जमीन कब्जाकर फसल बौने के आरोप में एक आरोपी को तीन साल के कारावास और ५ हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक भैंसलीवाला में मंगल नाम के शख्स ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर गेंहू की फसल बौ दी थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर एक बार तो जमीन को कब्जा मुक्त भी करा लिया था। आरोपी ने दबंगई के बल पर फिर से कब्जा कर लिया था। बाद में पुलिस ने लोक संपत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा था। इस मामले में एडीजीसी मनोज कुमार, आशीष त्यागी और ललित कुमार नामिका ने पैरोकारी करते हुए ६ गवाह प्रस्तुत किए। एडीजीसी मनोज कुमार ने बताया कि न्यायाधीश जयसिंह पुंडीर ने आरोपी मंगल को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और ५ हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ऑनलाइन आवेदन

मुजफ्फरनगर, 13 मई ( बु. )। उत्तर प्रदेश राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवकों की बेरोजगारी की समस्या दूर करने और प्रदेश के हुनरमंद व कर्मठ युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत जनपद में जरुरतमंदों को रोजगार को गति देने की दिशा में जारी पहल के बीच में ऑनलाइन आवेदन करना होता है। सरकार की उक्त लाभकारी योजना में उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अपना उद्योग व्यवसाय शुरू करने के लिए रुपए 25 लाख तक एवं सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख तक ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में जनपद के तमाम जरुरतमंद बेरोजगार स्वरोजगार पाने की खातिर इस अभिनव पहल के तहत ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

## एनसीआर मुकदमे में तरमीम

पुरकाजी, १३ मई (बु.)। पुलिस ने एनसीआर को मुकदमें में तरमीम कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। १० मई को कस्बे में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ लात–घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया था, जिसमें पुलिस ने घायल नूर मौहम्मद पुरकाजी की तहरीर पर तीन लोगों के विरूद्ध मारपीट की धाराओं में एनसीआर दर्ज की थी। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के आधार पर बृहस्पतिवार को एनसीआर को मुकदमें में तरमीम कर दिया था तथा शुक्रवार को आरोपी फिरोज, आमिर, जावेद निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा पुरकाजी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

**शेष : अफसर बोल रहे ...**

विभाग के अधिकारी बिजली कटौती के लिए सूचना दे देते थे, लेकिन अब तो यह औपचारिकता भी खत्म हो चुकी है। शहर में कब बिजली आयेगी और कब जायेगी इसका कोई ठिकाना नहीं है। कई किश्तों में करके प्रतिदिन ४ से ५ घण्टे तक बिजली गायब रहना सामान्य बात हो चुकी है। शहर में आज शाम महावीर चौक और टाऊन हॉल फीडर से जुड़े बड़े हिस्से में बिजली चले जाने से अंधेरा छाया रहा। कोई अधिकारी इसके बारे में जानकारी देने को भी तैयार नहीं था। हालांकि बाद में बताया गया कि तकनीकी कारणों से शटडाऊन लेना पड़ा। भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती और लॉ वोल्टेज की समस्या शहर वासियों के लिए आफत बन चुकी है। बताया यह भी गया है कि कम्पनी बाग में तूफान के बाद से गई बिजली आज तक वापस नहीं लौट सकी है। ऐसे में बिजली विभाग के निकम्मेपन का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## मां–बेटी पर हमला और फायरिंग

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेडू खुर्द निवासी खुर्शीदा पत्नी नसीम ने तहरीर देकर बताया कि गत ११ मई को पड़ौसी दंबग शाहआलम, शाहनजर, बाबर व बदर उनके घर पहुंचे और अपने घर की दीवार पर प्लास्टर करने की बात कही। घर में कोई पुरूष सदस्य न होने के कारण खुर्शीदा ने उन्हें प्लास्टर करने से रोकते हुए परिवार के किसी पुरूष सदस्य के घर आने पर प्लास्टर करने की बात कही। आरोप है कि इससे गुस्साए चारों आरोपी शाम के समय खुर्शीदा के घर में जा घुसे और लाठी–डंडों से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर खुर्शीदा की बेटी शबनम उसे बचाने पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए दोनों मां–बेटी के सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे वे लहूलुहान हो गईं। इसके बाद आरोपी कई राउंड फायरिंग करते हुए धमकी देकर वहां से फरार हो गये। पीड़िता ने घायल बेटी के साथ थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने उनका मेडिकल कराते हुए तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध के दोनों पैर कटे

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव अलमासपुर निवासी वृद्ध राजू (६०) पुत्र साधुराम शुक्रवार सुबह किसी काम से शहर आये थे। यहां वे जानसठ रोड ओवरब्रिज के नीचे से होकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान वे अचानक वहां पहुंची ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे वृद्ध के दोनों पैर कटकर पूरी तरह से अलग हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल वृद्ध को १०८ एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया, जहां उनकी नाजुक हालत के चलते उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। इस सम्बंध में फिलहाल किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है।

## बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

मीरापुर, 13 मई ( बु. )। थाना चौराहे के निकट एक बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बे के मौहल्ला मौरी निवासी गंगाराम थाना चौराहे के निकट सड़क पार कर रहा था। मेरठ की ओर जा रही एक बस की चपेट में आने से वह सड़क पर जा गिरा तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल के कारावास की सजा

❑पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायधीश आरती फौजदार ने फैसले में आरोपी को दिया २० हजार रुपये का आर्थिक दंड



मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में तीन साल पहले पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी अनिल को पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायधीश आरती फौजदार ने २० साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी को २० हजार रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया है। दंड की यह राशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति के रूप में दी जायेगी।

बच्ची से दुष्कर्म का यह मामला २०१६ का है। आरोपी अनिल पांच साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना लिया था। इस मामले में पीड़िता के पिता की तरफ से नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजने के साथ वैज्ञानिक साक्ष्यों का भी संकलन किया था। पीड़िता के १६४ के बयान दर्ज कराने के साथ डीएनए जांच रिपोर्ट भी आरोप पत्र के साथ दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायधीश आरती फौजदार के समक्ष हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा के नेतृत्व में अभियोजन अधिकारी विक्रांत राठी, प्रदीप बालियान और कुलदीप पुंडीर ने पैरोकारी करते हुए कई गवाह प्रस्तुत किये। न्यायधीश ने अभियोजन पक्ष की कहानी को सही मानते हुए आरोपी अनिल को दुष्कर्म का दोषी मानते हुए २० साल के कारावास और २० हजार रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

## आबकारी राज्यमंत्री का किया स्वागत, बताई शहर की समस्याएं

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल का पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर अशोक कंसल पूर्व विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अंचित मित्तल, सुरेन्द्र अग्रवाल, राहुल गोयल भाजपा नेता एवं अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, दिनेश बंसल, रक्षित नामदेव आदि भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इससे पूर्व खतौली पहुंचने पर उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष कृष्णगोपाल मित्तल, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी व सरदार बलविन्दर ने नगर पालिका के दुकानदारों की समस्याओं से अवगत करवाया। पालिका चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल ने नितिन अग्रवाल के समक्ष ही दुकानदारों की समस्याओं को शीघ्र निपटाने के लिए सभासद विपुल भटनागर, सभासद प्रवीण पीटर व राजेन्द्र अरोरा (गोल मार्किट) की तीन सदस्य कमेटी गठित करते हुए कहा कि कमेटी जो तय करेगी, उसका प्रस्ताव लाकर शीघ्र पास करवाया जाएगा।



आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत विशाल गर्ग

## होमगार्डों ने आरटीआई कार्यकर्ता पर झूठी शिकायत का आरोप

मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। होमगार्डों ने कथित आरटीआई कार्यकर्ता राधेश पप्पू पर अवैध वसूली के लिए झूठी शिकायतें करने का आरोप लगाया है। पप्पू के बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने आज कि अंबेडकर युवा मंच के अध्यक्ष राधेश पप्पू द्वारा होमगार्ड विभाग के कर्मचारियों से अवैध वसूली करने के लिए इस तरह के आरोप लगाने की बात कही है। उनका कहना है कि वह पहले भी एक बड़े उद्यमी से इसी प्रकार फर्जी आरोप लगाकर अवैध वसूली करने की कोशिश का चुका है। इसके चलते उसके खिलाफ नई मंडी थाने पर मामला दर्ज है। चरथावल, बुढ़ाना और पुरकाजी क्षेत्र के होमगार्डों ने उसकी जांच कराने की मांग की है।



स्टेशन के बाहर जर्जर भवन का निरीक्षण करने पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में मथुरा ईदगाह के सर्वे को लेकर याचिका दाखिल

मथुरा, १३ मई (एजेंसी)। नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी में ज्ञानव्यापी मस्जिद की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण में शाही ईदगाह पर सर्वे की मांग अदालत से की है। तीनों ने ही इस संबंध में अदालत में प्रार्थनापत्र दिया है। कहा है कि ईदगाह परिसर का भी अधिवक्ता कमीशन द्वारा सर्वे किया जाना चाहिए। अदालत ने उनके प्रार्थनापत्र को स्वीकार कर एक जुलाई को सुनवाई का निर्णय लिया है। पूरे देश में इस समय वाराणसी की ज्ञानव्यापी मस्जिद प्रकरण में अदालत द्वारा अधिवक्ता कमीशन से सर्वे कराया जाने का निर्णय चर्चा में बना हुआ है। ज्ञानव्यापी मस्जिद के संबंध में वाराणसी की अदालत द्वारा दिए गए अधिवक्ता कमीशन सर्वे के निर्णय को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें उन्होंने विपक्षीगण पर आरोप लगाया है कि वह ईदगाह परिसर से उन सबूतों को नष्ट कर सकते हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर तोड़कर ईदगाह तैयार की गई है। इस संबंध में अधिवक्ता कमीशन गठित किया जाना चाहिए। अदालत पहुंचे मनीष यादव ने बताया कि अदालत ने अधिवक्ता कमीशन संबंधी उनकी मांग के प्रार्थनापत्र पर एक जुलाई की सुनवाई के लिए तारीख तक की है। उनके साथ अधिवक्तागण आदेश यादव तथा देवकीनंदन मौजूद रहे। इधर, एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ईदगाह स्थल ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान का गर्भ गृह है। कमीशन सर्वे करे, ताकि वहां से सबूत नष्ट ना किए जा सकें। क्योंकि वहां पर मंदिर के अवशेषों से छेड़छाड़ की जा सकती है।

## युवक का शव मिला

चरथावल, १३ मई (बु.)। ग्राम खुसरोपुर के निकट रजबाहे से करीब ३२ वर्षीय युवक का सड़ा–गला शव मिला। रजबाहे में शव की सूचना से लोगों में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रजबाहे से शव निकालकर शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। सफलता न मिलने पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। शुक्रवार को ग्राम खुसरोपुर के निकट बह रहे रजबाहे में ग्रामीणों को एक शव बहता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला। युवक का शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़ गल गया था। इससे उसकी पहचान नही हो सकी। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोध का कहना है कि रजबाहे में पीछे से पानी के साथ बहकर शव आया है जो आसमानी कलर की शर्ट व काली पेंट पहने करीब ३२ वर्ष के युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नही हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# रेलवे स्टेशन के बाहर जर्जर भवन को किया जाएगा बिस्मार

❑अब रेलवे स्टेशन के साथ ही प्रवेश द्वार की सुधरेगी सूरत
❑केंद्रीय राज्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण
❑चेयरमैन–ईओ को दिए जर्जर भवन को बिस्मार करने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 13 मई ( बु. )। राजस्थान की किशनगढ रेलवे स्टेशन की तर्ज पर जिला मुख्यालय पर बने रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार में गतिरोध बनी नगरपालिका परिषद की आधा दर्जन दुकानों के साथ ही भवन को बिस्मार किया जाएगा। शुक्रवार को मुख्य गेट के लिए बाधक बनी समस्या के निदान को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान सुबह ही रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए, जहां उन्होंने पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के साथ ईओ पालिका हेमराज सिंह को मौके पर बुलाकर अब तक की वस्तु सिथति पर चर्चा करने के साथ स्टेशन परिसर और बाहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों को बुलाकर सौंदर्यकरण में बाधक बनी समस्याओं के निदान पर विचार मंथन किया।

जनपद में किशनगढ़ की तर्ज पर बने रेलवे स्टेशन की सुंदरता का वास्तविक सच सामने लाने की दिशा में जारी प्रयासों के बीच मुजफ्फरनगर सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने सौंदर्यकरण अभियान में बाधक बनी नगर पालिका परिषद की दुकानों की खस्ता हालत को आधा दर्जन दुकानों के साथ ही जर्जर हो चुके निर्माण देखते हुए नगर पालिका की चेयरमैन अंजू अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह को मौके पर बुलाते हुए उक्त समस्या के निदान के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान द्वारा पलिका चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को बोर्ड बैठक के माध्यम से इन जर्जर हो चुके भवन के साथ ही तमाम दुकानों को तुड़वाकर अन्यत्र बनवाने के प्रस्ताव पारित करने के आदेश दिये। वहीं उन्होंने वहां पर मौजूद सभी दुकानदारों को भविष्य में रोजगार करने के लिए किसी दूसरी जगह दिए जाने के साथ सरकार की रेलवे स्टेशन के सौंदर्यकरण में सहयोग देने की बात की। ताकि भविष्य में इन्हें परिवार के लालन पालन करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि जनपद में बनाया गया उक्त रेलवे स्टेशन राजस्थान के किशनगढ़ रेलवे स्टेशन की तर्ज पर बनाया गया हैं, मगर नगर पालिका द्वारा पूर्व में लीज पर दी गई दुकानों के खंडहरनुमा हाल से नवनिर्मित रेलवे स्टेशन की सुन्दरता एक दम फीकी पड़ रही हैं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका द्वारा लीज पर दी गई दुकानों के कागजात चेक करने के बाद में जिन दुकानों की लीज समाप्त हो गयी हैं उन्हें तुड़वाकर फिर बनाया जाये, क्योंकि खंडरनुमा दुकानों में कभी बड़ा हादसा हो सकता हैं। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर मुख्य रूप से उत्तर रेलवे बोर्ड के सदस्य प्रदीप शर्मा, सुनील सिंघल, सभासद विपुल भटनागर, पंकज त्यागी, राजीव गर्ग, राजेश पराशर, घनश्याम भगत, कमलकांत एडवोकेट, मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक विपिन त्यागी, पालिका के राजेश्वर शर्मा, आर डी पौडवाल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर वर्षो से चली आ रही शहीद भगत सिंह जल सेवा समिति के पदाधिकारियों से जानकारी ली। वहीं रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान फर्श पर अच्छा पत्थर लगाने को निर्देशित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान को स्थानीय लोगों ने नई मण्डी की ओर रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की की व्यवस्था किये जाने की भी मांग की।

# फिर तप रहा सूरज, निचोड़ रही गर्मी

❑एक बार फिर पारे की छलांग के साथ उमस से लोग बेहाल
❑गर्मी जनित डीहाईड्रेशन और अन्य रोगों का भी लोग हो रहे शिकार



मुजफ्फरनगर, १३ मई (बु.)। कुछ दिन सुधरने के बाद भीषण गर्मी के प्रकोप ने एक बार फिर आम जिंदगी को बेहाल कर दिया है। कड़क धूप में झुलसती दोपहर के साथ उमस भरी गर्मी से जिंदगी पसीना–पसीना है। मनुष्य तो क्या पशु पक्षी भी भीषण गर्मी के शिकार होकर बिलबिला रहे हैं। दो दिन पूर्व तक ३६ डिग्री के पास चल रहा तापमान एक बार फिर बढ़कर आज ३८.४पर रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी उछाल के साथ यह २५.० डिग्री पर है और आर्द्रता६३ प्रतिशत पर पहुंचने के बाद आज उमस भी बेहद परेशान करने वाली रही। मौसम विभाग का कहना है कि अभी भीषण गर्मी के दौर से जल्द कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

पिछले दिनों आई आंधी के बाद से काफी राहत मिली थी। अब एक बार फिर मौसम ने तड़पाना शुरू कर दिया है। दो दिनों से लगातार तापमान ३८ डिग्री से अधिक जाने के बाद उमस भरी गर्मी के दौर से लोग जूझ रहे हैं। सुबह से ही कड़क धूप के चलते गर्मी का दौर शुरू हो रहा और दोपहर में तो सूरज आग उगल रहा है। ऐसे में स्थिति यह है कि दस बजे के बाद से मौसम में गर्मी का कहर नजर आ रहा है। इसके चलते दोपहर तक तो स्थिति भयावह हो रही है। ऐसे में दोपहर के समय लोग धूप और लू के प्रकोप से बचने के लिए कम ही निकल रहे हैं। इसके चलते सड़कों पर आवागमन घट रहा है और गली मुहल्लों में तो सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। इसके चलते तमाम लोग भीषण गर्मी का प्रकोप झेलते हुए पसीना पसीना नजर आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी तेज धूप की वजह से डिहाइड्रेशन स्किन एलर्जी आई फ्लू बच्चों में डायरिया समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। मौसम में हुए तेजी से बदलाव की वजह से लोग बुखार गले में खराश और बीपी समेत अन्य बीमारियों के आए हैं। बाल रोग विशेषज्ञों ने बताया की तापमान की वजह से बच्चे बुखार डायरिया त्वचा में एलर्जी के मरीज आ रहे हैं। उनकी सलाह है कि भीषण गर्मी के दौर में जहां तक हो खुद को बचा कर रखें। इसके अलावा घर से निकलना जरूरी ही हो तो इसके लिए तमाम इंतजाम करके रखें ताकि लू और गर्मी के प्रकोप से बचा जा सके। कई बार केवल पानी ना पीने से बीमारी के शिकार हो सकते हैं। गर्मी के लगातार पसीना आने के कारण शरीर में पानी की कमी आ सकती है। इससे उल्टी दस्त आदि की बीमारी के शिकार हो सकते हैं। खास तौर से बच्चों को इससे बचाने की जरूरत है। लू से बचने के लिए भी बाहर निकलते समय सिर ढंकने के लिए कपड़े का इस्तेमाल करें। मौसम में आ रहा यह बदलाव कई बार ठंड से गर्मी और गर्मी से ठंड के वातावरण में जाने के कारण भी प्रभावित करता है। ऐसे में नजला जुकाम आदि का प्रकोप भी सता सकता है। इससे बुखार आदि की समस्या पैदा हो सकती है।

## सिर्फ चौबीस घंटे में लिया बदला, राहुल भट्ट के दो कातिलों समेत तीन आतंकी ढेर

नई दिल्ली, १३ मई (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के बांदीपोरा के बरार अरागाम इलाके में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में तीनों आतंकवादी मारे गए हैं। गुरुवार को कश्मीरी पंडित राहुल भट पर हुए हमले में इन तीन आतंकियों में से दो शामिल थे। दरअसल, जम्मू–कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सालिंदर वन क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। दो अन्य भाग निकले थे। कश्मीर में पुलिस महानिरीक्षक के मुताबिक बुधवार को फरार हुए दोनों आतंकियों की जानकारी शुक्रवार को बरार इलाके में लगी। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने बरार इलाके की घेराबंदी की और आतंकियों को पकडने के लिए तलाशी अभियान चलाया। इस स्पेशल ऑपरेशन में तीन आतंकी ढेर हो गए हैं। बांदीपोरा में मारे गए दो आतंकियों की पहचान फैसल उर्फ सिकंदर और अबू उकासा के रूप में हुई है। फैसल पिछले साल १० दिसंबर और ११ फरवरी को शहर के गुलशन चौक और निशात पार्क में आतंकवादी हैदर के साथ तीन पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल था। दोनों को संगठन आकाओं ने मध्य और दक्षिण कश्मीर में भेज दिया था जहां उन्होंने अपनी आतंकी गतिविधियों को जारी रखा। कुलगाम के देवसर में ७ और ८ मई की दरम्यानी रात को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबल हैदर का सफाया कर चुके हैं। वह कुलगाम के एक अन्य आतंकवादी शाहबाज शाह के साथ मारा गया था, जिस पर १३ अप्रैल को एक नागरिक सतीश कुमार सिंह की हत्या का आरोप था। हैदर की हत्या के बाद दूसरा आतंकवादी फैसल बडगाम चला गया और अबू उकासा के साथ आतंकी घटनाएं अंजाम देने लगा। जानकारी मिली है कि गुरुवार को बडगाम में कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की हत्या को इन्होंने ही अंजाम दिया था। इसके बाद लश्कर के ये दो आतंकी बांदीपोरा चले गए। गुप्त सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल अरागाम में उनके ठिकाने का पता लगाने में सफल रही और २४ घंटे के भीतर एक त्वरित अभियान में दोनों का सफाया कर दिया।

## पुलिस ने फायरिंग का आरोपी तमंचे सहित दबोचकर चालान किया

चरथावल, १३ मई (बु.)। चरथावलः दो दिन पूर्व ग्राम दधेडू खुर्द में दीवार पर प्लास्तर करने का विरोध करने पर फायरिंग करने के मुख्य आरोपित को पुलिस ने तमंचे सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है जबकि उसके अन्य तीन भाईयों पर दबिश जारी है। थाना क्षेत्र के गांव दधेडू खुर्द निवासी महिला खुर्शीदा ने पडोस के चार सगे भाइयों शाह आलम उर्फ कल्लू, शाहनजर,बाबर व बदर पुत्रगण ईसा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप था कि यह उनके घर की ओर की दीवार पर प्लास्तर कराने के लिए आये थे लेकिन उस समय घर पर कोई पुरुष न होने के कारण प्लास्तर करने से इंकार कर दिया था जिस पर आरोपित आगबबूला हो गये थे और चारो प्लास्टर करने की जिद पर अड गये थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये थे। चारो आरोपितों ने लाठी डंडो से लैस होकर दोबारा घर पर हमला बोल दिया था और शाह आलम ऊर्फ कल्लू ने अवैध तमंचे से फायरिंग की थी। पीड़िता ने चारो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि आरोपित शाह आलम उर्फ कल्लू कहीं जाने की फिराक में सैदपुरा बस स्टैंड के निकट खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कल्लू के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर चालान कर दिया है।

## पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल पर यूपी पुलिस का शिकंजा, बेटा गिरफ्तार

*सहारनपुर, १३ मई (बु)। सहारनपुर पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट में आरोपी खनन माफिया हाजी इकबाल उर्फ बाल्ला के बेटे अलीशान को दिल्ली में लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया। अलीशान को उसके पिता एवं बहुजन समाज पाटऍ (बसपा) के पूर्व विधान परिषद सदस्य हाजी इकबाल गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया गया है। सहारनपुर के वरष्ठि पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को अलीशान की कई मुकदमों में तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने एसआईटी का भी गठन किया हुआ है। अलीशान की गिरफ्तारी के बाद हाजी इकबाल, उसका भाई पूर्व बसपा एमएलसी महमूद अली और हाजी इकबाल के बेटे जावेद, वाजिद एवं अफजाल भूमिगत हो गए हैं। जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र में स्थित हाजी परिवार के आवास पर ताले लगे हैं। तोमर ने बताया कि पुलिस अलीशान से उनके परिवार के अन्य सदस्यों के छिपने के ठिकानों की मालूमात कर अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि अलीशान और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ थाना बेहट और थाना मिर्जापुर में कई मुकदमें दर्ज हैं। थाना बेहट में दर्ज एक मुकदमा ८० बीघा जमीन को एजूकेशनल ट्रस्ट के नाम पर फजऍवाड़ा कर आवंटन कराने से जुड़ा है। पुलिस ने पिछले दिनों हाजी इकबाल के नौकर नसीम अहमद को भी गिरफ्तार किया था। वह हाजी इकबाल की तीन शुगर मिलों और ५० करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली संपत्ति का स्वामी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत नौकर के नाम हाजी की २१ करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति को एक पखवाड़ा पहले कुर्क किया था।*

## उत्तर कोरिया में साढ़े तीन लाख लोग कोरोना पीड़ित

नई दिल्ली, १३ मई (एजेंसी)। उत्तर कोरिया ने दो साल में पहली बार कोरोना से पहली मौत होने की बात मानी है। तानाशाह किम जोंग की सरकार ने सार्वजनिक तौर पर माना है कि उनके यहां संक्रमण दाखिल हो चुका है। देश की स्टेट मीडिया के अनुसार तीन लाख ५० हजार से ज्यादा लोग अनजान बुखार की चपेट में हैं। शुक्रवार को इनमें से छह लोगों की मौत हो गई। इनमें से केवल एक को कोरोना संक्रमित माना गया है।

## सपा ने बदले दो जिलाध्यक्ष

लखनऊ, १३ मई (एजेंसी)। सपा ने दो आगरा व भदोही में नए जिलाध्यक्ष बना दिए हैं। आगरा में लाल सिंह लोधी नए अध्यक्ष होंगे। जबकि भदोही में प्रदीप यादव को जिम्मा दिया गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने इस संबंध में आदेश पत्र जारी कर दिया। आगरा में जितेंद्र वर्मा के भाजपा में लौट जाने के कारण यह पद खाली था। जितेंद्र वर्मा विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा छोड़ सपा में आए थे। सपा ने उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया था लेकिन कुछ समय बाद वह भाजपा में दुबारा चले गए।

## फिर होगी पंचायत सहायकों की भर्ती

लखनऊ, १३ मई (एजेंसी)। नौकरी और कैरियर के अच्छे अवसर मिलने और महज छह हजार रुपये महीने के मेहनताने की वजह से ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान युवाओं को ग्राम पंचायत सहायक की नौकरी रास नहीं आ रही। अब तक चार हजार से अधिक ग्राम पंचायत सहायक नौकरी छोड़ चुके हैं। फिलहाल पंचायतीराज निदेशालय में नौ मई तक जिलों से संकलित हुई सूचना के आधार पर कुल २७८३ पंचायत सहायकों के रिक्त पदों को भरने के लिए फिर से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है। निदेशालय ने इसका विज्ञापन भी प्रकाशित कर दिया है। निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार सबसे अधिक ६३ ग्राम पंचायत सहायकों के पद पीलीभीत में रिक्त हुए हैं। इनके अलावा आजमगढ़ में ८७, बिजनौर में ८४, बहराइच व संत कबीरनगर में क्रमशः ७८–७८ अलीगढ़ में ६०, अम्बेडकरनगर में ५६, बुलंदशहर में ७६, लखनऊ में ३२ पद रिक्त हैं। वेबसाइट पर अन्य जिलों की रिक्तियों का ब्यौरा भी जिले और ग्राम पंचायतवार उपलब्ध है। वेबसाइट पर आवेदन का प्रारूप भी उपलब्ध करवाया गया है। निदेशालय के अफसरों के अनुसार ग्राम पंचायत सहायकों के नौकरी छोड़ने से रिक्त हुए पदों को भरने के लिए शासन से मार्गदर्शन मांगा गया था। मार्गदर्शन मिलने के बाद फिर से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। नियुक्ति प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस पद पर गांव के स्थानीय निवासी युवक–युवती को चयनित किया जाएगा। चयन का आधार हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षाओं में सर्वाधिक प्राप्तांक होगा। इन पंचायत सहायकों के नौकरी छोड़ने का कारण पूछे जाने पर इन अफसरों ने बताया कि इनमें से अधिकांश ऐसे मामले हैं जिनमें कार्यरत पंचायत सहायक को और बेहतर नौकरी मिल गई या उसका किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए चयन हो गया। ग्राम प्रधानों द्वारा इन पंचायत सहायकों से अपने घरेलू कामकाज करवाए जाने की वजह से नौकरी छोड़ने का सवाल पूछे जाने पर इन अफसरों ने फिलहाल ऐसे किसी भी मामले से इनकार किया है।

## राहुल भट्ट की पत्नी को सरकारी नौकरी, बेटी की पढ़ाई का खर्च उठाएगी सरकार

श्रीनगर, १३ मई (एजेंसी)। कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या की जांच के लिए जम्मू कश्मीर सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। साथ ही सरकार ने राहुल भट की पत्नी को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया है। राहुल भट की बेटी की पढ़ाई का खर्च भी सरकार वहन करेगी। बता दें कि राहुल भट की हत्या को लेकर उनके परिवारवालों ने हत्या को साजिश करार देकर जांच की मांग की थी। १२ मई को जम्मू कश्मीर के बडगाम में तहसीलदार कार्यालय में घुसकर आतंकियों ने राहुल भट की हत्या कर दी थी। हत्या से पहले आतंकियों ने राहुल भट से नाम पूछा और फिर गोलियों से भून डाला। इस घटना को लेकर घाटी के कश्मीरी पंडितों में आक्रोश है। राहुल भट भी कश्मीरी पंडित है। राहुल भट की हत्या को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने विरोध भी दर्ज किया था। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय की ओर से किए गए ट्वीट में राहुल भट की हत्या की जांच के लिए एसआईटी के गठन की बात सामने आई है। साथ ही जम्मू कश्मीर प्रशासन ने राहुल भट की पत्नी को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया।

## फ्री राशन वितरण की फिर बढ़ी डेट



लखनऊ, १३ मई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत अप्रैल का वितरण २० मई तक किया जाएगा। वितरण की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। इस पर पीएमजीकेवाई के राशन के साथ आयोडाइज्ड नमक, साबुत चना एवं रिफाइंड अयल का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। मोबाइल ओटीपी के माध्यम से १२ मई व २० मई को वितरण किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के अपर खाद्य आयुक्त अनिल कुमार दुबे ने गुरुवार को दी है। इस दौरान कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा रहेगी। विक्रेता अपने स्टक में अवशेष खाद्यान्न की उपलब्धता की सीमा तक पोर्टेबिलिटी के तहत खाद्यान्न दे सकेंगे।